आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, बुधवार 07 जनवरी 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 62
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...


## अंदर के पन्नों पर...

गुजरात की पतंग, बरेली की डोर, सज गए बाजार



पेज-2

हेड ने सिडनी में शतक के साथ ही बनाया रिकार्ड



पेज-5

17 से ज्यादा मौत हुई, महापौर इस्तीफा दें



पेज-6


### न्यूज ब्रीफ

- दिल्ली : फैज इलाही पत्थरबाजी में पकड़े गए 5 आरोपी, दंगा भड़काने के आरोप में केस
- फिलीपींस में आया भूकंप, रिक्टर स्केल पर 6.7 मापी गई तीव्रता
- रूस ने वेनेजुएला तट के पास भेजी अपनी पनडुब्बी, अमेरिका से बढ़ा तनाव
- 'हमारी सीमा में घुसे चीनी सेना के 9 विमान, दिया जवाब', ताइवान का आरोप
- 'मस्जिद नहीं, तोड़ा जा रहा बारात घर का हिस्सा', दिल्ली में एक्शन पर बोले डीसीपी सेंट्रल
- अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह की जमानत याचिका पर आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट
- अमृतसर : पुलिस एनकाउंटर में मारा गया सरपंच की हत्या के मामले में आरोपी गैंगस्टर
- यूपी : अमेठी में दोपहिया वाहन और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में 2 लोगों की मौत
- अमेरिकी एयरस्ट्राइक में मारे गए वेनेजुएला के 24 सुरक्षा अधिकारी : रिपोर्ट
- यरुशलम : सैन्य भर्ती के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों पर बस चढ़ी, एक की मौत

### भागीरथपुरा दूषित पानी कांड ने संगठन में संवादहीनता को बढ़ाया

# सत्ता की चमक के लिए संगठन पर चलाया चुप्पी का चाबुक

**आशीष गुप्ता : 9425064357**

**इंदौर ● दैनिक इंदौर संकेत**

इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में हाल ही में महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा इंदौर नगर निगम के अधिकारियों के खिलाफ की गई सार्वजनिक तीखी बयानबाजी ने प्रदेश की राजनीति में हलचल पैदा कर दी। यह बयान केवल स्थानीय असंतोष की अभिव्यक्ति नहीं था, बल्कि उसने सत्ता, संगठन और अनुशासन के बीच के तनाव को उजागर कर दिया। बयान सामने आने के तुरंत बाद प्रदेश नेतृत्व ने सख्त रुख अपनाते हुए पार्टी के सभी नेताओं और पदाधिकारियों को इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से बोलने से रोक दिया। यह घटनाक्रम भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की बदलती रणनीति और राजनीतिक संस्कृति पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

बीजेपी लंबे समय तक एक ऐसी पार्टी के रूप में जानी जाती रही है, जो संगठन को सर्वोपरि मानती थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की विचारधारा से निकली यह पार्टी अनुशासन, आंतरिक लोकतंत्र और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया पर जोर देती थी। मतभेदों को संगठन के भीतर सुलझाने की परंपरा रही है और सार्वजनिक मंचों पर सरकार या पार्टी के खिलाफ बयानबाजी को हतोत्साहित किया जाता रहा है। लेकिन भागीरथपुरा प्रकरण के बाद जो तस्वीर उभरकर सामने आई है, वह इस परंपरा से अलग दिखाई देती है। भागीरथपुरा दूषित पानी कांड से राष्ट्रीय स्तर पर हुई




किरकिरी के बाद प्रदेश नेतृत्व सक्रिय हुआ और मामले की गंभीरता को देखते हुए खुद प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा को इंदौर आना पड़ा और रातों रात इंदौर के सभी जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि कोई भी नेता इस मामले पर टिप्पणी न करे। यह निर्देश इस बात का संकेत देता है कि संगठनात्मक संवाद की जगह अब नियंत्रण और चुप्पी को प्राथमिकता दी जा रही है। सवाल यह है कि क्या यह चुप्पी संगठन की मजबूती का प्रतीक है या भीतर पनप रहे असंतोष को दबाने की कोशिश? राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सत्ता में लंबे समय तक बने रहने के कारण पार्टी के भीतर सरकार और संगठन के बीच संतुलन बदल गया है। जहां पहले संगठन सरकार को दिशा देता था, वहीं अब सरकार की स्थिरता और छवि की रक्षा के लिए संगठन को पीछे रखा जा रहा है। भागीरथपुरा की घटना यह भी दर्शाती है कि जमीनी स्तर पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच टकराव बढ़ रहा है। ऐसे मामलों में खुली चर्चा और पारदर्शी समाधान की अपेक्षा की जाती है। लेकिन जब नेतृत्व बोलने पर रोक लगाता है, तो यह संदेश जाता है कि सत्ता की असहजता संगठनात्मक संवाद से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

बीजेपी की यह बदली हुई चाल अल्पकाल में विवादों को शांत कर सकती है, लेकिन दीर्घकाल में इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। संगठन को दबाकर सत्ता को प्राथमिकता देना पार्टी की उस पहचान को कमजोर कर सकता है, जिसने उसे वैचारिक मजबूती दी थी। लोकतांत्रिक व्यवस्था में असहमति और सवाल सत्ता को मजबूत करते हैं, न कि कमजोर। भागीरथपुरा प्रकरण से निकला यह सबक बीजेपी के भविष्य की राजनीति के लिए निर्णायक साबित हो सकता है।

यह पहला मौका नहीं है, जब किसी जनप्रतिनिधि ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हों। लोकतंत्र में यह सामान्य प्रक्रिया मानी जाती है, क्योंकि जनप्रतिनिधि जनता की आवाज़ होते हैं और प्रशासन को जवाबदेह बनाना उनका दायित्व है। लेकिन भागीरथपुरा के मामले में प्रतिक्रिया का तरीका असामान्य रहा। विवाद की जड़ में जाने और संगठनात्मक स्तर पर संवाद स्थापित करने की बजाय प्रदेश नेतृत्व ने 'मौन' को समाधान का माध्यम बना लिया।

संगठनात्मक बैठकों में खुलकर चर्चा, असहमति को स्थान और सामूहिक निर्णय की परंपरा इसकी ताकत रही है। यही कारण था कि पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं में यह भरोसा बना रहता था कि उनकी बात सुनी जाएगी, भले ही अंतिम निर्णय नेतृत्व का हो।

लेकिन मौजूदा घटनाक्रम यह संकेत देता है कि पार्टी की प्राथमिकताएं बदल रही हैं। सत्ता में बने रहने की मजबूरी और सरकार की छवि को नुकसान न पहुंचे, इस चिंता ने संगठनात्मक स्वतंत्रता को सीमित करना शुरू कर दिया है। भागीरथपुरा प्रकरण में जनप्रतिनिधि की नाराजगी प्रशासनिक कार्यशैली से थी, न कि सरकार की नीतियों से। इसके बावजूद पूरे मामले को दबाने की कोशिश यह दर्शाती है कि अब असहज सवालों से बचना ही रणनीति बनती जा रही है।

### बेसुरे बोल...

# प्रेस क्लब में गोली चलने की बात कही शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चिंटू चौकसे कल नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों के साथ भिड़ गए। सामान्य तौर पर 15 सेकंड का स्टेटमेंट काफी होता है लेकिन चिंटू चौकसे पूरे 1.47 मिनट तक झगड़ते रहे। इस दौरान उनके पास बैठे पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने उनको समझाने की कोशिश की लेकिन वह समझने को तैयार नहीं थे।



### मैं चिंटू चौकसे, मेरे बारे में सोच समझ कर बोलना

चिंटू चौकसे कांग्रेस पार्टी के फायर ब्रांड नेता है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जब एक पत्रकार ने सवाल किया कि चिंटू चौकसे का महापौर पुष्यमित्र भार्गव के प्रति सॉफ्ट कॉर्नर क्यों है तो नेताजी भड़क उठे। उन्होंने सवाल पूछने वाले पत्रकार को चैलेंज किया कि यदि आप, मेरे और पुष्यमित्र भार्गव के बीच में कोई भी संबंध निकाल देते हैं तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा नहीं तो आप पत्रकारता छोड़ देना। यहां तक ठीक था लेकिन इसके बाद उनके तेवर बदल गए। वहां मौजूद पत्रकारों पर हावी होते चले गए। चिंटू चौकसे का कहना था कि इस प्रकार का सवाल मुझे पूछने की हिम्मत कैसे हुई।

गौरतलब है कि चिंटू चौकसे इंदौर कांग्रेस के विवादास्पद नेता हैं, जिनकी आक्रामक राजनीतिक शैली और व्यक्तिगत झड़पों ने उनकी इमेज को नेगेटिव बना दिया है। राजनीति में संयम और संतुलन की बहुत जरूरत होती है, चिंटू चौकसे में इसकी काफी कमी है। अपनी बात को रखने का सलीका भी नहीं है। विदित है कि अप्रैल 2025 में पानी के टैंकर को लेकर भाजपा कार्यकर्ता कपिल पाठक से विवाद के बाद उन पर हत्या के प्रयास (धारा 307/109) का आरोप लगा और गिरफ्तारी हुई। यह घटना प्रमाणित करती है कि चिंटू चौकसे कई बार आवेश में आकर राजनीतिक तौर पर गैर जिम्मेदाराना तरीके से व्यवहार कर बैठते हैं।

इससे पूर्व नवंबर 2025 में एक वायरल ऑडियो क्लिप में वे वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के खिलाफ कथित अपशब्द बोलते सुनाई दिए, जिससे पार्टी में आंतरिक कलह उजागर हुई। हालांकि इस मामले में उनकी प्रशंसा भी की गई, लेकिन दिग्विजय सिंह और उनके समर्थकों के लिए नेगेटिव हो गए।

उनकी नियुक्ति के बाद पार्टी में असंतोष और विरोध भी सामने आया, साथ ही तीखे बयानों व आक्रामक विरोध प्रदर्शनों से वे अक्सर विवादों में घिरे रहते हैं, जिसे विरोधी गुंडागर्दी और आंतरिक गुटबाजी का प्रतीक मानते हैं।

# इंदौर में पीने के शौकीनों ने एक साल में गटकी 6 करोड़ 17 लाख लीटर शराब

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

- इंदौर में साल 2025 में 6.17 करोड़ लीटर शराब की खपत हुई।
- एक ही साल में शराब की खपत 2.54 लाख लीटर बढ़ गई है।
- साल 2025 में सबसे ज्यादा 3.30 करोड़ लीटर माल्ट शराब बिकी।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में शराब से 1702 करोड़ रुपए की कमाई हुई।
- जिले में एफएल 2 कैटेगरी (बार-रेस्त्रां) के 93 लाइसेंस धारक है।

**इंदौर ●** इंदौर में साल 2024 (जनवरी से दिसंबर) के दौरान 6 करोड़ 14 लाख लीटर की शराब (इंदौर में शराब की बिक्री) खपत हुई थी। वहीं साल 2025 में इसी अवधि के दौरान इंदौर में 6 करोड़ 17 लाख लीटर की शराब की खपत हुई है। इस तरह एक साल में ही इंदौर में 2.54 लाख लीटर की शराब की खपत बढ़ गई है।

शराब बिक्री से वित्तीय साल 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक) में 1502 करोड़ की आय हुई थी। वहीं वित्तीय साल 2024-25 में यह कमाई इंदौर में बढ़कर 1702 करोड़ रुपए हो गई। साल 2025-26 में अप्रैल से दिसंबर तक (नौ माह में) यह कमाई 1408 करोड़ रुपए हुई है। इंदौर जिले में एफएल 2 कैटेगरी (बार-रेस्त्रां) के 93 लाइसेंस



धारक है। वहीं एफएल 3 (होटल, रेस्त्रां) कैटेगरी में 51 आबकारी लाइसेंस है। साथ ही एफएल 4 कैटेगरी के 5 लाइसेंस है। सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने कहा कि साल 2025 में 9 हजार 989 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जो अभी तक सर्वाधिक है। अवैध शराब बिक्री मामला मिलने पर कड़ी कार्रवाई कई गई । इंदौर में शराब खपत में भी बढ़ोतरी देखी गई है।

# उज्जैन में नल का पानी नहीं पिएं, बीमार पड़ सकते हैं... इस मुनादी से मचा हड़कंप

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन ●** इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौतों के बाद उज्जैन में कुछ क्षेत्रों में नगर निगम की मुनादी से हड़कंप मच गया है। वीडियो वायरल हुआ तो बताया कि ये संदेश सिर्फ उस जगह के लिए था जहां रोड चौड़ीकरण के लिए पेयजल की लाइन खुली है। वहां पर पानी दूषित होने की संभावना को लेकर सिर्फ सावधान रहने को कहा था। इधर, मंगलवार को महापौर खुद कई क्षेत्रों में पानी की शुद्धता जांचने गली-गली पहुंचे।

उज्जैन नगर निगम द्वारा एक ई-रिक्शा से शहर के कुछ क्षेत्रों में दो दिन पहले मुनादी करवाई गई। अनाउसमेंट में क्षेत्र में दूषित जल होने की संभावना पानी नहीं पीने और उल्टी-दस्त होने की तुरंत सूचना देना का जिक्र था। वायरल वीडियो में जो सूचना दी गई उससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वीडियो



में माइक से सूचना दी गई कि नगर निगम द्वारा सूचित किया जाता है कि कुछ क्षेत्रों में दूषित पेयजल के होने की संभावना पाई गई है। अगले आदेश तक नल के पानी को सीधे ना पिएं। आवश्यक होने पर पानी को अच्छे से उबालकर छानकर पिएं। नगर निगम द्वारा पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था टैंकर के माध्यम से की जा रही है। वीडियो वायरल होने के बाद कई लोग डर गए। हालांकि महापौर मुकेश टटवाल ने वायरल वीडियो को लेकर साफ किया कि सिंहस्थ को लेकर कई जगह चौड़ीकरण का काम चल रहा है। ऐसे में सड़क नाली और पेयजल की टूटी हुई लाइन को लेकर मुनादी करवाई थी। बताया था कि गंदे पानी को लेकर क्षेत्रवासियों को सूचित करना है, लेकिन उसने जिस तरह से सूचित किया उससे सम्भवत: लोगों ने गलत समझ लिया बाद में उसे हटा दिया गया। इधर आदर्श नगर, अलकापुरी, छतरी चौक, कोयला फाटक से सेंट्रल कोतवाली इलाकों से मिल रही गंदे पानी की शिकायत को भी देखा। महापौर मुकेश टटवाल मंगलवार को महेश नगर, श्रीराम कॉलोनी, वार्ड क्र. 04 नागेश्वर धाम कॉलोनी में जल कार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल एवं अधिकारियों के साथ खुद जल की शुद्धता जांचने पहुंचे। महापौर ने बताया कि मौके पर पानी में केमिकल डालकर जांच की गई की जिसमें पानी शुद्ध पाया गया।

### 14 जनवरी — ग्रहों की स्थिति साधकों और दान-पुण्य करने वालों के लिए अत्यंत फलदायी रहेगी

# पांच शुभ संयोगों में मनेगा मकर संक्रांति का त्योहार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** कई दुर्लभ और शुभ संयोग के बीच इस वर्ष मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाई जाएगी। ज्योतिषियों के अनुसार इस बार ग्रहों की स्थिति साधकों और दान-पुण्य करने वालों के लिए अत्यंत फलदायी रहेगी। ज्योतिषिय गणना के अनुसार सूर्य का मकर राशि में प्रवेश 14 जनवरी बुधवार को मध्यान्ह काल दोपहर 3.13 बजे होगा। इसी दिन षटतिला एकादशी व्रत भी रखा जाएगा। ऐसा संयोग सालों बाद बना है। इसके अतिरिक्त इस दिन बुधवार के संयोग में अनुराधा नक्षत्र रहेगा। चंद्रमा भी वृश्चिक राशि में रहेंगे। तीसरा संयोग सर्वार्थसिद्धि योग है, जो सुबह 07.15 बजे से दिनभर रहेगा। चौथा संयोग



अमृतसिद्धि योग का है, यह भी सुबह 07.15 बजे से दिनभर रहेगा। पांचवां और अंतिम संयोग है सूर्य-शनि का संबंध। इस दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि की राशि (मकर) में प्रवेश करेंगे। इस प्रकार पांच शुभ संयोगों के चलते मकर संक्रांति इस बार इन तीन राशियों के लिए ज्यादा ही अनुकूल होने वाली है।

**मेष राशि:** इस राशि के जातकों के लिए मकर खरमास समाप्त होगा, लेकिन विवाह मुहूर्त नहीं ज्योतिषाचार्यों के अनुसार मकर संक्रांति के साथ ही एक माह तक चलने वाला खरमास समाष्ठ भी हो रहा है। संक्रांति के नौक पर खरीदारी, दान, पुण्य और आध्यात्मिक कार्य करने पर पुण्य की प्राप्ति होती है। खरमास समाप्त होने पर शुभ वार्य हो सकेगा। हालांकि शादी-विवह का मुहूर्त गुण ग्रह के उदय के बाद फरवरी में ही बन रहा है। मकर संक्रांति पर सूर्य के उत्तरायण होने के साथ ही दिन की अवधि बढ़ने लगती है। उतरायण सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा करने का विधान है। गंगा स्नान के साथ काला तिल, वागल, हल्दी, नमक, उड़द, धान, खिवाडी, गुड़ का दान लाभदायक है।

**सिंह राशि:** राशि स्वामी सूर्य के प्रभाव से इस राशि के जातकों का प्रभाव और दबदबा बढ़ेगा, जिससे व्यापार में बड़ा मुनाफा और कानूनी मामलों में सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत को विशेष पहनान मिलेगी और आर्थिक मजबूती के कारण आप सुख-सुविधाओं पर खर्च कर सकेंगे।

**वृश्चिक राशि:** यह समय आपके आत्मविश्वास और साहस में वृद्धि करेगा, जिससे निवेश के क्षेत्र में स्वर्णिम लाभ होगा। नौकरी में नई जिम्मेदारियों के साथ पद-प्रतिष्ठ बढ़ेगी और व्यापारिक यात्राएं भविष्य में लाभकारी सिद्ध होगी।

**मकर संक्रांति पितृ दोष के लिए महत्व :** जिन भी लोगों की कुठली में पितृ दोष है, उनके लिए मकर संक्रांति का विशेष महख्य होता है। इस दिन वबुछ खास अनुष्खन करने से पितृ दोष से राहत मिल सकती है। मान्यताओं के अनुसार सूर्य और भगवान विश्धु की पूजा, दान-पुष्य और परंपरागत अनुष्ठान करने से पूर्वज प्रसन्न होते हैं और पितृदोष का प्रभाव कम होता है। संक्रांति करियर के हिसाब से बरदान साबित होगी, जिसमें पदोन्नति और मान-सम्मान के प्रबल योग हैं। रुके हुए सरकारी काम पूरे होंगे और धन लाभ के नए रास्ते खुलने से आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। व्यापार में आप विरोधियों पर भारी पड़ेंगे और वैवाहिक जीवन में मधुरता व नई ऊर्जा का संचार होगा।

### बीसीसीआई ने बांग्लादेश की मांग को किया खारिज

# भारत में ही खेलना होगा वर्ल्ड कप

**नई दिल्ली (एजेंसी) ●** मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से हटाने के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने भारत में टी-20 वर्ल्ड कप मैच खेलने से मना कर दिया था।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की टी-20 वर्ल्ड कप के वेन्यू बदलने की मांग को खारिज कर दिया है। आईसीसी ने स्पष्ट किया है कि बांग्लादेश को अपने सभी लीग मैच भारत में ही खेलने होंगे, नहीं तो उसे अपने अंक गंवाने पड़ेंगे। बीसीबी ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर किए जाने के बाद सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत में टी-20 वर्ल्ड कप के मैच खेलने से इनकार कर दिया था और आईसीसी से अपने मैच श्रीलंका में शिफ्ट करने की अपील की थी। रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार




को आईसीसी अध्यक्ष जय शाह और कुछ अन्य अधिकारी मुंबई में मौजूद थे। उन्होंने पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों से चर्चा की और उसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से बातचीत की। आईसीसी ने साफतौर पर कहा कि वेन्यू में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और बांग्लादेश को भारत में ही वर्ल्ड कप के मैच खेलने होंगे, नहीं तो उसे अंक गंवाने होंगे। मुस्तफिजुर रहमान ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आखिरी बार आईपीएल खेला था।

## न्यूज ब्रीफ

### इंदौर शहर के चंद्रकांत भालेराव नासिक में विध्योतमा साहित्य कर्मयोगी सम्मान से सम्मानित होंगे

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● महाराष्ट्र के नासिक स्थित राष्ट्रीय स्तर की संस्था विध्योतमा साहित्य संस्था द्वारा आगामी 11जनवरी को शहर के साहित्यकार चंद्रकांत भालेराव को विध्योतमा साहित्य कर्मयोगी का पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी विध्योतमा फाऊण्डेशन के चयन समिति अध्यक्ष सुबोध कुमार मिश्र ने दी यह सम्मान उन्हें वर्ष 2025 में श्री सर्वोत्तम प्रकाशन इंदौर द्वारा प्रकाशित 'स्वयंसिध्द श्रीमंत बाजीराव पेशवा' के लिए दिया जाएगा। भालेराव एतिहासिक पृष्ठ भूमि पर लेखन कार्य करते है। इसके पूर्व उनकी छत्रपति शिवाजी महाराज पर लिखी पुस्तक तीन खंडों में प्रकाशित हो चुकी है। भालेराव इन्दौर विकास प्राधिकरण के सेवानिवृत्त उप नगर नियोजक है। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य के लिए लोकोपकार करने वाली संस्था माऊली फाऊण्डेशन कालबादेवी मुंबई के उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत है।



### पतंगबाजी बिजली लाइनों से दूर करने का आह्वान

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर ने उपभोक्ताओं, आमजनों से पतंगबाजी बिजली लाइनों, ट्रांसफार्मर, पोल, ग्रिड से दूर करने का आह्वान किया हैं। पतंगें बिजली लाइनों, ट्रांसफार्मर, ग्रिड क्षेत्र में उलझने से बिजली प्रदाय अवरूद्ध हो सकता है, हादसे का भी अंदेशा बना रहता है। कटी हुई, अथवा अटकी पतंगें भी बिजली लाइन, पोल, ट्रांसफार्मर, ग्रिडों से नहीं निकालने का अनुरोध किया गया है। कंपनी ने आमजनों, उपभोक्ताओं से हर हाल में ट्रांसफार्मर, ग्रिड, पोल, तार से पर्याप्त दूरी बनाए रखने की अपील की है, ताकि हादसे, अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

### 7 फीट गहरी हौज में डूबने से बच्चे की मौत

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● इंदौर के पलासिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मनोरमागंज इलाके में मां मनीषा के साथ अपने नाना-नानी के घर रह रहे तीन साल के मासूम की पानी की हौज में डूबने से मौत हो गई। घटना मंगलवार शाम की है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पलासिया पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान गणेश पुत्र सुनील भील (उम्र 3 वर्ष) के रूप में हुई है। मंगलवार शाम उसकी मां मनीषा घर के अंदर चाय बना रही थी, इसी दौरान गणेश खेलते-खेलते बाहर चला गया। काफी देर तक जब वह नजर नहीं आया तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ समय बाद गणेश घर के बाहर बनी करीब 7 फीट गहरी पानी की हौज में डूबा हुआ मिला। परिजन उसे तत्काल बाहर निकालकर अस्पताल ले गए।

## विशेष अभियान के तहत द्वारकापुरी में दो दुकानें की गई सील

# मकर संक्रांति पर्व से पहले पुलिस की बड़ी कारवाई, आठ बोरा चाइनीज मांझा जब्त

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● मकर संक्रांति के पहले ही पुलिस ने चाइनीज मांझा बेचने और पतंग उड़ाने वालों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान शुरु कर दिया है। जूनी इंदौर पुलिस ने 8 बोरे भरकर चाइनीज मांझा जब्त कर एक आरोपी को कार सहित गिरफ्तार किया है। द्वारकापुरी में भी चाइनीज मांझा बेचने वाली दो दुकानों को सील कर दिया है।

पुलिस ने फिर चेतावनी दी है कि मांझा बेचने वालों के साथ ही चाइनीज मांझे से पतंग उड़ाने वालों पर भी केस दर्ज किए जाएंगे, इसलिए चीनी मांझे से दूरी बना लें। जूनी इंदौर पुलिस ने सोमवार रात चाइनीज मांझे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने एक कार से 8 बोरों में भरा चाइनीज मांझा ले जा रहे एक व्यापारी को पकड़ा है। आरोपी के पास से सैकड़ों चाइनीज मांझे के उचके जब्त किए गए हैं। वह मकर संक्राति के त्योहार को देखते हुए मांझा लेकर आया था। पुलिस उससे मांझा बेचने वाले व्यापारी के संबंध में पूछताछ कर रही है। टीआई अनिल गुप्ता की टीम को सूचना मिली थी कि खातीवाला टैंक क्षेत्र में किराए से रहने वाले रवि राजानी ने बड़े स्तर पर चाइनीज मांझे का सौदा किया है और वह रात के समय एक कार में मांझा



लेकर आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने चेकिंग प्वाइंट लगाए और कार नंबर के आधार पर रवि को पकड़ा। कार की तलाशी लेने पर उसमें 8 बोरे चाइनीज मांझे से भरे हुए मिले। इसके बाद आरोपी से थाने में देर रात तक पूछताछ की गई। पुलिस यह जांच कर रही है कि वह मांझा कहां से लेकर आया था। इस मामले में आरोपी की कार भी जब्त कर ली गई है।

### मांझा बेचने और इससे पतंग उड़ाने वालों की तलाश जारी

द्वारकापुरी पुलिस ने क्षेत्र में दो स्थानों पर दबिश देकर वहां से चाइनीज मांझा बरामद किया। जिन दो दुकानों से मांझा मिला उन्हें सील कर दिया गया है। थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि नीलकंठेश्वर किराना दुकान से संचालक वृंदावन पिता लक्ष्मीनारायण चौरसिया चाइनीज मांझा बेच रहा था। सूचना पर पुलिस ने दबिश दी तो वहां से मांझा बरामद किया। आरोपी को गिरफ्तार कर उस पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई है। इसी तरह सचिन पिता शशिकांत सावंत निवासी द्वारकापुरी के पतंग हाउस में भी दबिश देकर वहां से पांच चाइनीज मांझा जब्त किया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त दुकान को भी सील कर दिया गया है। पुलिसकर्मी इलाके में घूमघूम कर मांझा बेचने वाले और इससे पतंग उड़ाने वालों को ढूंढ रहे हैं। जहां भी सूचना मिल रही है वहां कार्रवाई कर रहे हैं। पुलिस ने अपील की है कि यदि आपके क्षेत्र में कोई गुपचुप तरीके से इसे बेच रहा है तो तुरंत स्थानीय पुलिस या इंदौर पुलिस के क्राइम वॉच हेल्पलाइन नंबर 7049108283 पर सूचित करें। आपकी एक सूचना किसी की जान बचा सकती है।

## खजराना गणेश मंदिर में शुरू हुआ 6 दिवसीय तिल चतुर्थी मेला



### कलेक्टर शिवम वर्मा ने पूजन-अर्चन के साथ किया मेले का शुभारंभ

### भगवान श्री खजराना गणेश मूर्ति का स्वर्ण आभूषणों से किया गया विशेष श्रृंगार

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● इंदौर के प्रसिद्ध श्री खजराना गणेश मंदिर में 6 दिवसीय तिल चतुर्थी मेला प्रारंभ हुआ। कलेक्टर शिवम वर्मा ने श्री खजराना गणेश मंदिर में पूजन-अर्चना के साथ इस मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल सहित अन्य अधिकारी भी विशेष रूप से मौजूद थे। भगवान श्री गणेशजी को तिल-गुड़ के सवा लाख लड्डुओं का भोग लगाया गया। साथ ही श्रीगणेश का स्वर्ण मुकुट तथा आभूषणों से विशेष श्रृंगार किया गया है। मंदिर को आकर्षक फूलों से फूल बंगला के साथ सजाया गया है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने इस मौके पर ध्वजा पूजन करने के साथ ही 6 दिवसीय तिल चतुर्थी मेले की भी शुरुआत की। मंदिर के वरिष्ठ पुजारियों ने पूजा-अर्चना करवाई। इस अवसर पर भक्त मंडल के सदस्य तथा अन्य श्रद्धालु भी उपस्थित थे।

## 700 परीक्षा केंद्रों पर जैमर, 226 पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे, ताकि लीक न हो कोई पेपर

### मप्र बोर्ड 10वीं-12वीं की परीक्षा के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने की तैयारी

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

भोपाल ● मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं सात फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। इसके लिए मंडल ने तैयारी कर ली है। पेपर लीक जैसी घटनाएं न हों, इसके लिए इस बार मोबाइल एप से आनलाइन निगरानी होगी। परीक्षा केंद्र के अंदर किसी को भी मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यहां तक कि केंद्रों के भीतर केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक सहित किसी भी स्टाफ के पास मोबाइल नहीं रहेगा। प्रदेश के 700 संवेदनशील व अतिसंवेदनशील केंद्रों पर जैमर और 226 केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इनकी निगरानी मंडल कंट्रोल रूम से आनलाइन ही करेगा। परीक्षा केंद्रों से माशिमं को सूचना देने या परीक्षा की निगरानी करने के लिए मोबाइल के बदले वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। इसमें लैंडलाइन फोन के उपयोग के साथ-साथ पोर्टल भी तैयार किया है, ताकि परीक्षा केंद्रों से सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सके।

**एक नजर में**

- 16.07 लाख विद्यार्थी परीक्षा में होंगे शामिल
- 9.07 लाख 10वीं के विद्यार्थियों की संख्या
- 7 लाख 12वीं के विद्यार्थियों की संख्या

3,856 परीक्षा केंद्रों की संख्या

### एप से होगी निगरानी

परीक्षा में तैनात सभी अधिकारी मोबाइल फोन पर मंडल का एप डाउनलोड करेंगे। एप से पुलिस थाने से प्रश्न-पत्र के निकलने, केंद्रों पर प्रश्न-पत्र खोलने से लेकर वितरण, परीक्षा खत्म होने के बाद बंडल बनने और मूल्यांकन केंद्र पर जमा करने तक की एंट्री की जाएगी। यहां तक कि हर प्रश्नपत्र के बंडल लोकेशन भी ट्रेस होगी। वहीं उड़नदस्तों की मानीटरिंग भी एप के माध्यम से की जाएगी।

### प्रश्नपत्र बंडलों को निकालने कलेक्टर प्रतिनिधि होंगे तैनात

इस बार प्रश्नपत्र बंडलों को थाने से निकालने में कलेक्टर प्रतिनिधि को तैनात किया जाएगा। सुबह 6:30 बजे कलेक्टर प्रतिनिधि पुलिस थाना पहुंचकर सेल्फी भेजेंगे। इनकी मानीटरिंग भी एप से होगी। पुलिस थाने से लेकर केंद्र तक प्रश्नपत्र पहुंचाने और वितरण तक में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के संचालक मंडल की हुई बैठक

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नगरीय विकास परियोजनाओं को विकसित भारत @2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए क्रियान्वित किया जाए। नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति को सुधारने, नगरीय क्षेत्रों में निजी निवेश को बढ़ाने, नागरिक सेवा में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित प्रणालियों के अधिकाधिक उपयोग, अर्बन मोबिलिटी तथा ई-वाहन के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। 'नमामि गंगा अभियान' के समान ही 'नमामि नर्मदे परियोजना' पर कार्य आरंभ कर नर्मदा नदी तट की नगरीय बसाहटों के ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, पर्यावरणीय सुधार और उपचारित जल के पुन: उपयोग के लिए कार्य योजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी नगरीय निकायों में जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्थाओं के प्रति विशेष रूप से सजगता और सतर्कता बरती जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के संचालक मंडल की 11वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव अनुराग जैन तथा संचालक मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कंपनी के प्रबंधकीय, वित्तीय और लेखा परीक्षा तथा अंकेक्षण संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश में शहरी विकास के लिए म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कंपनी में 4 स्वतंत्र व्यावसायिक प्रभागों के गठन के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गई। परिसंपत्ति प्रबंधन और पीपीपी प्रभाग के अंतर्गत नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाने, जन हित कार्यों में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय अनुशासन, नीति आयोग तथा अन्य संबद्ध विभागों से समन्वय तथा मेट्रोपोलिटन एरिया डेवलपमेंट प्लानिंग को प्राथमिकता से लिया जाएगा।

## लदूना तालाब स्थित सेवाकुंज परिसर से सीतामऊ साहित्य महोत्सव के द्वितीय संस्करण का हुआ भव्य आगाज

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध सीतामऊ नगर में 29 से 31 जनवरी तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सीतामऊ साहित्य महोत्सव के द्वितीय संस्करण का आज लदूना तालाब स्थित सेवाकुंज परिसर से विधिवत एवं भव्य आगाज किया गया। इस अवसर पर 1000 आकाशदीप आकाश में उड़ाए गए तथा आकर्षक आतिशबाजी की गई, जिससे पूरा सेवाकुंज परिसर प्रकाशमय हो उठा। साहित्य महोत्सव के इस आगाज कार्यक्रम ने साहित्य, संस्कृति और सामुदायिक सहभागिता का सशक्त संदेश दिया। अपनी समृद्ध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध सीतामऊ नगर आगामी आयोजन में अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गरिमा का भव्य प्रदर्शन करेगा। मुख्य आयोजन 29, 30 एवं 31 जनवरी को सीतामऊ में आयोजित होगा, जिसमें साहित्य, कला, संस्कृति एवं दर्शन से जुड़ी देश की जानी-मानी हस्तियां सहभागिता करेंगी। तीन दिवसीय आयोजन के दौरान प्रतिदिन विभिन्न विधाओं से जुड़े रुचिकर और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, सीतामऊ एसडीएम श्री हरदीप सिंह डंग, एसडीएम श्रीमती शिवानी गर्ग, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक, विद्यार्थी एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

## कोई भी पात्र उपभोक्ता राशन से वंचित न रहे, अंतिम पंक्ति में खड़े उपभोक्ता की सेवा करना परम धर्म है - मारु



दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● खाद्य आपूर्ति आवश्यक वस्तु संघ एवं उपभोक्ताओं द्वारा नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिला खाद्य नियंत्रक श्री मोहनलाल मारु के मुख्य अतिथ्य एवं श्री पियुष माली (म.प्र. नागरिक आपूर्ति जिला प्रबंधक) की अध्यक्षता में दास हनुमान बगीची, जय सियाराम बाबा आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में खाद्य नियंत्रक महोदय ने कहा कि कोई भी पात्र उपभोक्ता राशन से वंचित न रहे। हमारा कर्म-धर्म सेवा ही हो, इसी पवित्र भाव से राशन दुकानों का संचालन एवं राशन का वितरण होना चाहिए, यही हमारा उद्देश्य है। आगे कहा कि वर्तमान में 'पायलट मिशन' के तहत शहर में उपभोक्ताओं के हित में 30 दुकानों पर 'जन पोषण केंद्र' की स्थापना की गई है। उसके अच्छे परिणाम आने पर 100 दुकानों पर जन पोषण केंद्र आरंभ करने की तैयारी शुरू की जानी है, जिसके माध्यम से एक ही स्थान पर उपभोक्ताओं की दैनिक जरूरत की उच्च गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री उचित दामों पर उपलब्ध होगी। इससे राशन दुकानदारों को भी आर्थिक लाभ होगा।

## शहर में कड़ाके की ठंड : कोहरे शीतलहर से ठिठुरा प्रदेश

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● मध्यप्रदेश इस समय भीषण सर्दी की चपेट में है। प्रदेश के आधे से ज्यादा हिस्से में घना कोहरा छाया हुआ है, जबकि कई जिलों में शीतलहर और कोल्ड डे जैसी स्थिति बनी हुई है। हालात ऐसे हैं कि कुछ जगहों पर रात का तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। राजधानी भोपाल में भी जनवरी की सर्दी ने बीते 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। तेज ठंड और कम विजिबिलिटी के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए कई जिलों में स्कूलों की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं, जबकि कुछ जगहों पर स्कूल देर से खोलने के निर्देश जारी किए गए हैं।

प्रदेश के ग्वालियर-चंबल अंचल में कोहरे का असर सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। दतिया में सुबह के समय विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रिकॉर्ड की गई। ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में सड़कों पर धुंध की मोटी परत छाई रही।

इसके अलावा भोपाल, उज्जैन, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, विदिशा, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, सीहोर, सागर, दमोह, जबलपुर, कटनी, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, उमरिया और शहडोल समेत कई जिलों में भी कोहरे ने रफ्तार थाम दी। मौसम विभाग ने बुधवार को भोपाल, सीहोर, राजगढ़ और शाजापुर में शीतलहर चलने को चेतावनी जारी की है। इससे पहले शाजापुर, शहडोल, सिवनी, मंदसौर और सीहोर में भी शीतलहर का असर देखा जा चुका है। भोपाल और राजगढ़ में तो तीव्र शीतलहर दर्ज की गई। लगातार तीसरे दिन प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ने के कारण इंदौर, रायसेन, ग्वालियर और नर्मदापुरम में बुधवार को भी स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।

# गुजरात की पतंग, बरेली की डोर, सज गए बाजार

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● पतंगोत्सव को लेकर इंदौर सहित पूरे प्रदेश में पतंगों की मांग तेजी से बढ़ गई है। इस बार इंदौर में उड़ने वाली पतंगें गुजरात और राजस्थान में बनी होंगी, जबकि इनकी डोर बरेली की होगी। बाजार में कागज और पन्नी दोनों तरह की पतंगों की भरमार है।

### गुजरात और राजस्थान से आई पतंगें

इस साल इंदौर में स्थानीय रूप से बनी पतंगों के साथ-साथ अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, जयपुर और जोधपुर में बनी पतंगें भी बाजार में पहुंची हैं। पतंग उड़ाने में इस्तेमाल होने वाली डोर उत्तर प्रदेश के बरेली से मंगाई गई है।

### स्थानीय उत्पादन, फिर भी बाहर से मंगवानी पड़ती हैं पतंगें

इंदौर में सात से आठ महीने तक लगातार पतंग निर्माण का कार्य चलता है, लेकिन मांग के मुकाबले उत्पादन कम होने के कारण हर साल बाहर से बड़ी संख्या में पतंगें मंगवाई जाती हैं। रानीपुरा और छावनी ऐसे प्रमुख इलाके हैं, जहां बड़ी मात्रा में पतंगों की बिक्री होती है।



### रिटेल बाजार में कागज की पतंगों की ज्यादा मांग

होलसेल के बाद अब रिटेल बाजार पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इस साल कागज की जोधपुरी पतंग की सबसे ज्यादा मांग देखी जा रही है। पन्नी की पतंग नए आकारों में बाजार में आई है, जिनमें मटका, स्टार और रॉकेट शेप शामिल हैं। इसके अलावा पतंगों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कार्टून कैरेक्टर और ऑपरेशन सिंदूर थीम भी लोगों को पसंद आ रही है।

### कीमतें और सप्लाई का दायरा

होलसेल में कागज की पतंग 3 रुपए से 50 रुपए तक और पन्नी की पतंग 1 रुपए, 70 पैसे से लेकर 50 रुपए प्रति नग तक बिक रही है। इंदौर के इन बाजारों से पतंगें प्रदेश के कई शहरों के अलावा महू, उज्जैन और देवास तक सप्लाई की जा रही हैं।

### कारीगरों की संख्या लगातार घट रही

व्यापारियों के अनुसार, एक समय छावनी मोहल्ला में 50 से अधिक कारीगर पतंग निर्माण से जुड़े थे, लेकिन अब यह संख्या घटकर 5 से 8 रह गई है। नई पीढ़ी इस काम में रुचि नहीं ले रही है। फिलहाल छावनी मोहल्ला में 10 से 12 दुकानें, रानीपुरा में 3, हरिसिद्धि में 1 और छावनी में कुछ बड़ी दुकानें हैं, जहां सालभर पतंग उपलब्ध रहती हैं।

### डेकोरेटिव पतंगों की बढ़ी मांग

त्योहारों पर थीम डेकोरेशन का चलन बढ़ने के कारण छोटी सजावटी पतंगों की मांग भी तेजी से बढ़ी है। दो इंच से पांच इंच तक की छोटी पतंगें और छोटी फिरकियां सजावट के लिए खरीदी जा रही हैं। ये पतंगें कागज और पन्नी दोनों में उपलब्ध हैं।

### बैटरी वाली चकरी को नहीं मिला बाजार

पिछले कुछ वर्षों से बाजार में ऑटोमैटिक बैटरी वाली चकरी उपलब्ध है, जिसकी कीमत 1800 से 2500 रुपए तक है। व्यापारियों के अनुसार महंगी होने के कारण इसका चलन नहीं बढ़ पाया है। पतंग उड़ाने के शौकीन आज भी पारंपरिक चकरी को ही ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, बुधवार 07 जनवरी 2026

न्यूज ब्रीफ

### दास हनुमान बगीची पर 11 को जय सियाराम बाबा की भव्य और दिव्य चरण पादुका

**इंदौर** ● शहर के पश्चिम क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्र, पीलिया खाल एरोड्रम रोड स्थित दास हनुमान बगीची पर 11 से 20 जनवरी तक जय सियाराम बाबा की पावन स्मृति में चरण पादुका यात्रा, मूर्ति अवतरण महोत्सव, राम रामायण मंडल के वार्षिकोत्सव, विभिन्न रामायण एवं भजन मंडलों द्वारा सम्पूर्ण रात्रि भजनों की प्रस्तुति, सुंदर काण्ड पाठ, हवन एवं चलित प्रसाद वितरण सहित विभिन्न अनुष्ठान होंगे। श्री दास हनुमान बगीची जय सियाराम बाबा स्मृति ट्रस्ट की ओर से कैलाश कुसुमाकर, वीरेन्द्र गुप्ता, अशोक पटेल एवं पं. देवेन्द्र पुजारी ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ रविवार 11 जनवरी को दास बगीची से भव्य चरण पादुका यात्रा के साथ होगा, जिसमें करीब 200 स्वागत मंचों से पादुका पूजन, एक हजार से अधिक ब्राह्मणों और उज्जैन के महाकाल मंदिर की भस्म रमैया मंडली 101 ब्राह्मणों द्वारा शंख ध्वनि, शस्त्र कला में निपुण कन्याओं द्वारा प्रदर्शन, रंगारंग आतिशबाजी एवं समूचे यात्रा मार्ग में प्रसाद वितरण के साथ यात्रा के समापन पर दास बगीची में सभी भक्तों को अभिमंत्रित और हनुमानजी को समर्पित रक्षासूत्र के वितरण सहित विभिन्न अनुष्ठान होंगे।

### रासुका की कार्यवाही के लिए ज्ञापन दिया

**इंदौर** ● पिछले दिनों ग्वालियर मे अनिल मिश्रा और उसके साथियों द्वारा भारतीय संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर की तस्वीर जलाते हुए अपमानजनक नारेबाजी की थी। अनिल मिश्रा और उसके साथियों द्वारा लगातार बाबा साहब अम्बेडकर का अपमान किया जा रहा है जिससे अम्बेडकर अनुयायियों मे रोष है। उसके इस कृत्य से जातिवाद टकराव के साथ शांति भंग हो रही है। इसीको ध्यान मे रखकर डॉ. अम्बेडकर युग सेवा समिति ने एसडीएम अजय भूषण कुमार को कलेक्टर कार्यालय पर ज्ञापन देकर मध्यप्रदेश सरकार से मांग की गई है की अनिल मिश्रा और उसके साथियों पर एनएसए (रासुका) की कार्यवाही की जाए। ताकि शांति बहाल हो सके। फिलहाल अनिल मिश्रा उसके तीन सहयोगियों सहित जेल मे बंद है। ज्ञापन के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता मुरलीधर राहुल मेटांगे भीमराव सरदार, ईश्वर तायड़े, आम्रपाली तायड़े व समाजजन मौजूद थे।

# प्रदेश को कोहरे-सर्द हवाओं ने जकड़ा, दिल्ली से आने वाली ट्रेनें लेट; इंदौर-ग्वालियर, नर्मदापुरम में स्कूलों की छुट्टी

**भोपाल (एजेंसी)** ● मध्यप्रदेश में तेज ठंड और कोहरे का असर है। प्रदेश में रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे चल रहा है। उमरिया में सबसे कम 3.9 डिग्री रहा। राजगढ़-खजुराहो में 4.5 डिग्री, शिवपुरी में 5 डिग्री और रीवा में 5.8 डिग्री रहा। आज सुबह आधे से ज्यादा हिस्से में कहीं घना तो कहीं मध्यम कोहरा रहा। सतना, दतिया, गुना, रीवा, ग्वालियर, राजगढ़, खजुराहो, नौगांव और सीधी में कोहरे का सबसे ज्यादा असर रहा। इस वजह से दिल्ली से आने वाली एक दर्जन ट्रेनें लेट हैं।

इंदौर, रायसेन, ग्वालियर, मऊगंज, धार और नर्मदापुरम के स्कूलों की बुधवार को भी छुट्टी है। मौसम विभाग ने बुधवार को भोपाल, सीहोर, राजगढ़ और शाजापुर में कोल्ड वेव चलने का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले भी शाजापुर, शहडोल, सिवनी, मंदसौर और सीहोर में शीतलहर का प्रभाव रहा। वहीं, भोपाल-राजगढ़ में तीव्र शीतलहर चली। भोपाल, विदिशा, सीहोर, शाजापुर व नरसिंहपुर में कोल्ड डे जैसी स्थिति बनी रही।



### इंदौर, रायसेन-नर्मदापुरम में आज भी स्कूलों की छुट्टी

पिछले 3 दिन से प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इस वजह से इंदौर, उज्जैन, मंदसौर, शाजापुर, विदिशा, ग्वालियर, अशोकनगर, रायसेन, आगर-मालवा, भिंड, टीकमगढ़, हरदा, नीमच, रतलाम, राजगढ़, मंडला, जबलपुर, दमोह, डिंडौरी, नर्मदापुरम, झाबुआ, छतरपुर, सीधी, बैतूल समेत कई जिलों में स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गई थी।

### रीवा में कोहरा, ठिठुरन बढ़ी

रीवा में सर्दी का असर बना हुआ है। बुधवार सुबह की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई। इससे विजिबिलिटी काफी कम रही। वाहन चालकों को धीमी रफ्तार से चलना पड़ा। ठंडी हवाओं के साथ कोहरे की मौजूदगी ने ठिठुरन और बढ़ा दी है। आज का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री दर्ज किया गया है।

### खजुराहो में कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड

छतरपुर के खजुराहो में आज सुबह कोहरा छाया हुआ है। दोपहर 12 बजे के बाद सूरज निकलने के आसार हैं। सुबह का तापमान 10 से 12 डिग्री सेल्सियस बताया जा रहा है। तो वहीं दिन का अधिकतम तापमान 18 से 20 डिग्री रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार बादल छटने से आने वाले दिनों में और भी ठंड बढ़ेगी। अगले 2-3 दिनों तक कोहरा रहेगा और इस तरह ठंड 15 जनवरी तक लगातार बरकरार रहेगी।

### धार में 8वीं क्लास तक छुट्टी

धार में कड़ाके की ठंड को देखते हुए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने नर्सरी से आठवीं कक्षा तक की क्लास के लिए एक दिन का अवकाश घोषित किया है। तेज ठंड के बावजूद बुधवार सुबह लोग बाहर वॉक करते नजर आए।

### टीकमगढ़ में घना कोहरा

टीकमगढ़ में आज सुबह घना कोहरा छाया है। सर्द हवाओं के कारण मंगलवार को अधिकतम तापमान 20 और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रहा। गुना में 4 दिन से तेज ठंड पड़ रही है। बुधवार सुबह भी घना कोहरा छाया हुआ है। इस कारण विजिबिलिटी 20 मीटर रह गई। हालांकि, स्कूलों की छुट्टी पहले ही घोषित कर दी गई है।

## भागीरथपुरा की घटना को लेकर वार्ड क्रमांक 67 का कैंडल मार्च निकाला कलेक्टर चौराहा पर श्रद्धांजलि सभा हुई

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व मे एवं प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं शहर कांग्रेस के अध्यक्ष चिंटू चौकसे के मार्गदर्शन में भागीरथपुरा की घटित घटना में दूषित पानी पीने से हुए मृत्यु लोगों को श्रद्धांजलि देने हेतु वार्ड क्रमांक 67 का जयरामपुर चौराहा जीडीसी कॉलेज के सामने से कैंडल मार्च इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा निकाला गया जो कलेक्टर चौराहा स्व हेमू कालानी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई आयोजित कैंडल मार्च एवं श्रद्धांजलि सभा मे पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा एवं शहर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव प्रदेश सचिव राजेश चौकसे, सादिक खान, अभय वर्मा, मनोहर धवन, पवन वर्मा आदि ने संबोधित किया। कैंडल मार्च एवं श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से पूर्व संगठन मंत्री महेंद्र रघुवंशी, दीपक छाबड़ा दीपक वानखेडे रविकांत सैनी। बड़ी संख्या मे कांग्रेस जान उपस्थित थे ।



## भागीरथपुरा में हुए दूषित जल कांड को लेकर समाजवादी पार्टी द्वारा विशाल जन आक्रोश रैली निकाल कर प्रदर्शन किया जाएगा

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● भागीरथपुरा में हुए दूषित जल कांड को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में विशाल जन आक्रोश रैली निकाल कर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा रैली बड़ा गणपति चौराहा से होकर किला मैदान स्थित विधानसभा एक के विधायक और कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गी के कार्यालय पर पहुंचेगी और महापौर वह विधायक कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफा को लेकर कार्यालय का घेराव करेगी इसमें समाजवादी पार्टी के मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष बटेश्वर नाथ सिंह राजेंद्र यादव, किरण गोरे, मोहम्मद अली सिद्दीकी, मनोज हडिया, अमन यादव, जीके यादव, दीपक पांचाल, अजय यादव आदि पार्टी के कार्यकर्ता वह पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।



## दक्षिणा के आधार पर ज्योतिषी न देखें पत्रिका, आधुनिक उपाय बताएं

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● आप सभी प्रेस के साथियों को यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि 4 जनवरी को नक्षत्र कुटी के तत्वाधान में एक दिवसीय वेदांग वार्ता का कार्यकम प्रेस क्लब में किया गया। ज्योतिषाचार्य डॉ. गिरीश व्यास ने कहा कि ज्योतिष के साथ वेदांग की भी आवश्यकता है। ज्योतिष में आज के समय में काफी भ्रम फैलाया जा रहा है। इसके शमन के लिए यह कार्यक्रम किया गया। हमारा उद्देश्य सही ज्योतिष के जरिए लोगों का मार्गदर्शन करना है। ज्योतिष की मदद से आप पता कर सकते हैं कि आपके जीवन में आए ग्रहों और गोचर का एजेंडा क्या है। हर समय आपको धन और संपन्नता देने के लिए नहीं आता। कोई-कोई दशा आपके धर्म, दर्शन, आध्यात्मिकता की दिशा देने के लिए आती है। यदि आप उस समय के अनुसार ढलते हैं, तो लाभ प्राप्त करते हैं। इस आयोजन के संरक्षक पंडित योगेंद्र महंत ने बताया कि ज्योतिष ग्रहों के प्रभाव को नहीं बदलती, अपितु वह आपको संबंल बनाकर उसे प्रभावों को कुछ हद तक कम कर सकती है। पंचांग के आधार पर दैनिक गतिविधियों को चलाने पर जीवन में सामंजस्य बनता है। संयोजक गोपाल बैरागी ने संचालन के साथ ज्योतिष के विविध आयामों पर जोर दिया। कार्यक्रम में महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति महामहोपाध्याय डॉ मिथिला प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि शनि, राहु-केतु बिना वजह ही बदनाम हैं। सबसे ज्यादा प्रभाव हमारे जीवन में सूर्य और चंद्रमा का पड़ता है।




## वार्षिक कैलेंडर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट का विमोचन पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त पंडित योगेन्द्र महंत ने किया

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश मानावत ने बताया कि स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट का वार्षिक कैलेंडर का विमोचन रामचंद्र नगर इन्दौर पर पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त पंडित योगेन्द्र महंत ने किया। इस अवसर पर समाज सेवी जितेन्द्र यादव, ट्रस्ट सचिव आशिष शिंदे, सामाजिक कार्यकर्ता अंनत महंत, एहसान अली, कमल सोनी आदि बड़ी संख्या में ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित थे ।



सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## एम फॉर सेवा की मेजबानी में 11 जनवरी को अभय प्रशाल में 'कृष्णम वन्दे'

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● ऑल इंडिया मूवमेंट फॉर सेवा की मेजबानी में शहर में रविवार 11 जनवरी को शाम 6.30 बजे से रेसकोर्स रोड स्थित अभय प्रशाल के लाभ मंडपम में 'कृष्णम वन्दे' भजन संध्या का अनूठा आयोजन होगा। देश की प्रख्यात गायिका एवं अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से अलंकृत सुश्री आर्या अम्बेकर इस आयोजन में अपने भक्ति गीतों और अन्य प्रस्तुतियों से सुधी श्रोताओं को भगवान श्रीकृष्ण पर केन्द्रित संगीत समारोह में मंत्रमुग्ध करने आएंगी। ऑल इंडिया मूवमेंट फॉर सेवा (एम फॉर सेवा) के प्रदेश प्रमुख स्वामी ऐश्वर्यानंद सरस्वती ने बताया कि सुश्री आर्या अम्बेकर ने संगीत में स्नातकोत्तर उपाधि स्वर्ण पदक के साथ हासिल कर संगीत विशारद में अ.भा. स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। मात्र 2 वर्ष की अल्पायु में उन्होंने अपने संगीत प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। वे शास्त्रीय संगीत के साथ ही एक प्रशिक्षित साउंड इंजीनियर भी हैं।वर्ष 2009 में सा रे ग म प लिटिल चॅम्प्स की फायनलिस्ट के रूप में आर्या पहली बार संगीत प्रेमियों के सामने आई और उसके बाद 2021 में उन्होंने उसी मंच पर जज के रूप में अपनी जगह बनाई जो एक यशस्वी कीर्तिमान माना जाता है।



## रामकथा से तन को पुष्टि, मन को तुष्टि और बुद्धि को दृष्टि मिलती है : पं. भार्गव

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● रामकथा से तन को पुष्टि, मन को तुष्टि और बुद्धि को दृष्टि मिलती है। रामकथा चित्त में परिवर्तन लाती है। चित्त में बदलाव आएगा तो चरित्र में भी आएगा ही। चित्त भगवान की कथा से जुड़ जाए तो तीन घंटे तक संसार याद नहीं आएगा। यह चरित्र परिवर्तन की कथा है। भगवान जब व्यापक होते हैं तो सारा संसार उनके वश में होता है। राम सच्चिदानंद है। ऐसा हुआ तो रामकथा हमें ब्रम्ह तक जरूर ले जाएगी। राम और भरत का मिलाप रामायण का अदभुत और श्रेष्ठतम प्रसंग है। घर-घर में राम और भरत जैसे भाई हों तो सारे विवाद ही खत्म हो जाएंगे, अव्वल तो होंगे ही नहीं। भाईयों के बीच प्रेम का सबसे श्रेष्ठ उदाहरण केवल रामायण और रघुकुल में ही मिल सकता है। बर्फानी धाम के पीछे स्थित गणेश नगर में माता केशरबाई रघुवंशी धर्मशाला परिसर के शिव-हनुमान मंदिर की साक्षी में चल रही रामकथा में मंगलवार को प्रख्यात मानस मर्मज्ञ पं. मनोज भार्गव ने प्रभु श्रीराम के वनवास काल के विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या के दौरान उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए। ब्रह्मऋषि स्वामी बर्फानी दादा महाराज की प्रेरणा से हो रहे इस अनुष्ठान में आयोजन समिति के प्रमुख तुलसीराम रघुवंशी एवं संयोजक रेवतसिंह रघुवंशी के साथ वत्सल दुबे एवं राजेंद्र सिंह रघुवंशी सहित अनेक विशिष्टजनों ने व्यास पीठ एवं रामचरितमानस का पूजन किया।

## सम्पादकीय

### सड़कों से सत्ता तक अराजकता और टारगेटेड हमले, क्या यही है 'नया बांग्लादेश'?

बांग्लादेश में पिछले कुछ महीनों से जिस तरह की अराजकता बेलगाम होती देखी जा रही है, उससे साफ है कि बदलाव की मांग के साथ वहां जो आंदोलन शुरू हुआ था, वह अब दिशाहीन हो चुका है। अब वहां हो रही लक्षित हिंसा की घटनाएं व्यापक चिंता का कारण बन रही हैं। गौरतलब है कि पिछले दो दिनों में जिन दो लोगों की हत्या कर दी गई, उनकी सामुदायिक पहचान हिंदू थी। सोमवार रात को वहां के नरसिंगदी शहर में अज्ञात हमलावरों ने एक किराना दुकान के चालीस वर्षीय मालिक की हत्या कर दी। इस घटना से कुछ घंटे पहले ही जेस्सोर जिले में एक अन्य व्यापारी की सिर में गोली मार कर जान ले ली गई, जो एक अखबार के कार्यवाहक संपादक भी थे। इसके अलावा, एक विधवा से सामूहिक बलात्कार, उसका निर्मम उत्पीड़न करने और उसका वीडियो बना कर जारी कर देने की भी खबर आई। इससे पहले भी वहां हिंदू पहचान को निशाना बना कर हत्या की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। साफ है कि बांग्लादेश में जारी हिंसा और अफरा-तफरी अब किसी खास एजंडे के तहत हो रही लगती है। वरना क्या कारण है कि एक ही प्रकृति की घटनाएं लगातार सामने आने और इसी वजह से नई जटिलताएं खड़ी होने के बावजूद वहां की अंतरिम सरकार इसे रोकने को लेकर कुछ भी ठोस कदम नहीं उठा रही है। यह बेवजह नहीं है कि लगातार और सरेआम हो रही हत्या की घटनाओं से स्थानीय अल्पसंख्यक समुदायों के आम लोगों और व्यापारियों के बीच असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। अशांति और हिंसा की घटनाओं में तेजी की तात्कालिक वजह जुलाई, 2024 के विद्रोह के एक प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या हो सकती है, जो भारत का कट्टर आलोचक भी था। सवाल है कि अगर हादी का मकसद देश को बदलना था, तो क्या उसका रास्ता यह होगा कि वहां के अल्पसंख्यक तबकों और खासतौर पर चुन कर हिंदू पहचान वाले निर्दोष लोगों की हत्या की जाए? फिर अगर अराजकता का यह सिलसिला जारी रहता है और वहां की सरकार तथा कानून-व्यवस्था संभालने वाली एजंसियां ऐसी घटनाओं को रोक नहीं पाती हैं, तो इसके क्या मायने निकाले जाएंगे? बांग्लादेश में तत्कालीन शेख हसीना सरकार के खिलाफ विद्रोह की घोषित वजहें चाहे जो रही हों, लेकिन आज वहां भीड़तंत्र जिस तरह हावी होता दिख रहा है, वह खुद बांग्लादेश के लिए चिंता की बात होनी चाहिए।

# जानलेवा चाइनीज मांझे का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा, कब लगेगा पूर्ण बैन

जानलेवा चाइनीज मांझे का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान समेत कई इलाकों में पिछले 24 घंटे में मांझे की वजह से कई हादसे हुए हैं। सबसे पहले बात महाराष्ट्र के वाशिम जिले की। जहां चाइनीज मांझे की वजह से 57 साल के एक व्यक्ति का गला कट गया। दरअसल वो बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान खंडोबा मंदिर के पास सड़क पर लटक रहे मांझे की चपेट में आने से उनके गले पर गंभीर चोट आई हैं। जैसे ही शख्स को चोट लगी, उन्होंने तुरंत बाइक रोक दी। उनकी इसी समझदारी की वजह से जान बच गई और एक बड़ी दुर्घटना टल गई। राजस्थान के बांसवाडा में भी कुछ ऐसा ही हुआ। रविवार को मोहन कॉलोनी से निकलते हुए एक बुजुर्ग का पैर चाइनीज मांझे में उलझ गया, जिसकी वजह से वो लड़खड़ाते हुए जमीन पर गिर गए।चाइनीज मांझे की चपेट में आने की वजह से उन्हें गहरी चोट आई। राहगीरों ने उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने बताया कि पैर की एड़ी में मांझा अंदर तक चला गया जिसकी वजह से घाव ज्यादा गहरा है। वहीं उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में भी चाइनीज मांझे ने एक बाइक सवार को अपना शिकार बनाया। रविवार को बाइक से घर लौट रहे युवक की चाइनीज मांझे की वजह से गर्दन कट गई। गनीमत ये रही कि बाइक की स्पीड कम थी, जिससे युवक ज्यादा जख्मी नहीं हुआ। हादसे के तुरंत बाद उसने तुरंत अस्पताल जाकर इलाज करवाया।

पोलिस खुद इन हादसों से बची हुई नहीं है । पिछले साल ही घर आने-जाने के दौरान महाराष्ट्र के मुंबई के डिंडोशी पुलिस में तैनात एक पुलिसकर्मी का गला मांझे से कट गया, जिससे उसकी मौत हो गई इन शिकायतो के बाद ही पिछले दिनों में शहर के कम से कम पांच पुलिस स्टेशनों ने चीनी मांझा बेचते, स्टॉक करते या उपयोग करते हुए पकड़े गए व्यक्तियों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। गौरतलब हो कि इसके पहले को खेरवाड़ी पुलिस के अधिकार क्षेत्र में कांस्टेबल समीर जाधव की जान भी चली गई थी जब वकोला फ्लाईओवर से लटके चीनी मांझे से उनका गला कट गया। तब खेरवाड़ी पुलिस ने आईपीसी की धारा 304-ए के तहत एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया। इस दुखद घटना के बाद पुलिस ने चीनी मांझा की बिक्री और खरीद में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के अपने प्रयास तेज कर दिए हैं।

ऐसा नहीं है इस तरह की ये पहली घटनाए है। कई सालों से इस तरह की कई दर्दनाक घटनाएं हो चुकी है। पिछले वर्ष भी बाइक पर सवार एक



व्यक्ति चीनी मांझा से उस समय घायल हो गया जब वह फ्लाईओवर से गुजर रहा था। बाइक चलाते समय मांझा उसके गले में लिपट गया। मांझा की चपेट में आने से उसके गले में करीब 2 इंच गहरा घाव हो गया। इस मामले में गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया। चाइनीज मांझा से हुआ यह पहला हादसा नहीं था । चाइनीज मांझा न सिर्फ इंसानों के लिए बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी बहुत खतरनाक है और हर साल सैकड़ों पक्षी इसमें फंसकर अपनी जान गंवा देते हैं। दरअसल पतंगबाजी का मजा लेने वाले बच्चे व बड़े आपस में पतंग को लड़ाकर उसका मजा लेते हैं। पतंग लड़ाने के लिए लोग डोर को कटने से बचाने के लिए मजबूत धागे के लिए चाइनीज मांझे का इस्तेमाल करते हैं। यह मांझा सादे धागे के मुकाबले सस्ता और मजबूत होता है। इस कारण इसकी मांग ज्यादा रहती है। डिमांड के कारण दुकानदार प्रतिबंध के बावजूद भी चोरी छिपे बेचते हैं।आज भारत समेत दुनिया के कई देशों में पतंगबाजी की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, लेकिन पतंगबाजी का सबसे पुराना प्रमाण चीन में मिलता है। हान राजवंश के शासनकाल में पतंगों का सैन्य उपयोग भी होता था। वहां के सैन्य कमांडरों ने दुश्मन सेना की स्थिति और दूरी का पता लगाने के लिए पतंगों का भी इस्तेमाल किया। कहा जाता है कि पतंगबाजी भी चीन के रास्ते भारत पहुंची है।अब आपके मन में भी यह सवाल उठ रहा होगा कि आखिर यह मांझा इतना खतरनाक क्यों है और एक पतला धागा लोगों की जान कैसे ले सकता है? इसका कारण यह है कि पतंगबाजी के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला सामान्य मांझा कपास का बना होता है, लेकिन चीनी मांझा नायलॉन और अन्य सिंथेटिक सामग्री से बना होता है। यह मांजा कांच, लोहे के पाउडर और कई अन्य रसायनों के साथ लेपित है। इस वजह से मांझा और भी तीखा और जानलेवा हो जाता है। चाइनीज मांझा साधारण मांझा की जगह स्ट्रेचेबल होता है यानी टूटने की बजाय खिंचता रहता है। इतना ही नहीं चीनी मांझा में धातु के चूर्ण के प्रयोग से यह विद्युत का सुचालक होता है, अर्थात इसमें से करंट प्रवाहित हो सकता है और इसलिए बिजली के झटके का खतरा रहता है, लेकिन इसके खतरों से वाकिफ होने के बावजूद आज बाजार में इसकी काफी मांग है, क्योंकि जब लोग पतंग उड़ाते हैं तो चाहते हैं कि उनकी पतंग न कट जाए और वे दूसरों की ज्यादा से ज्यादा पतंगें काट सकें।साल 2017 में हल्लञ्ज यानी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने इस मांझा पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी। पर्यावरण विभाग के तहत 10 जनवरी 2017 को एक अधिसूचना जारी की गई थी, जिसके अनुसार पतंगबाजी के लिए नायलॉन, प्लास्टिक और किसी भी तरह की सिंथेटिक सामग्री पर पूर्ण प्रतिबंध है। इसके अलावा कांच, धातु या अन्य नुकीली चीजों से बने धागों पर भी पतंग उड़ाने पर रोक लगा दी गई है। नियम के मुताबिक, सूती धागे से बने धागों से पतंग उड़ाई जा सकती है, लेकिन इनमें भी किसी न किसी तरह का धागा होता है, तेज वस्तुओं का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इन नियमों का उल्लंघन कड़ी सजा के साथ दंडनीय है। अगर कोई ऐसा करते पाया जाता है तो उसे 5 साल तक की कैद और एक लाख रुपये तक के जुर्माने से भी दंडित किया जा सकता है। इतने सख्त नियम होने के बावजूद आज देश भर में में चीनी मांझा का कारोबार फलफूल रहा है। व्यवसायी कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं और इन घातक मांझा को लोगों को बेच रहे हैं, और खरीदने वालों की कोई कमी नहीं है। मांझा के व्यापारी पुलिस को चकमा देने के लिए हाईटेक तरीके अपना रहे हैं और इसके लिए फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह मांजा इतना खतरनाक होता है कि अगर तेज रफ्तार से चलने वाला व्यक्ति इसकी चपेट में आ जाए तो यह न केवल त्वचा या नसों को बल्कि उसकी मांसपेशियों को भी काटकर हड्डियों तक पहुंच सकता है। डॉक्टरों का कहना है कि प्रतिबंध के बावजूद चीनी मांझे के पीड़ितों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

कई राज्यों में राज्य सरकारों ने चाइनीज मांझे पर बैन लगा चुकी है और प्रशासन को कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। हर साल पंतग के सीजन के दौरान चाइनीज मांझे का जिक्र होता है पर बाद में लोग व शासन इसे भूल जाता है । कई लोगों का मानना है कि यह मांझा चीन से आता है और अब चीनी सामानों का बहिष्कार किया जा रहा है, इसलिए इस पर बैन लगाया गया है। जानकारों की मानें तो अब मांझा चीन से नहीं बल्कि तेज धार के साथ इंडिया में भी बन रहा है। सूत्रों का कहना है कि मुंबई में मांझे की फैक्ट्रियां नहीं हैं। मुंबई में बाहर से चोरी चुपके लाया जाता है। यह मांझा प्लास्टिक का बना होता है। काफी मजबूत है। चाइनीज मांझे को मेटलिक कोटिंग से तैयार किया जाता है। चाइनीज मांझे की कई वैरायटी बन रही हैं। इसे बनाने में अधिकतर केमिकल और अन्य धातुओं का इस्तेमाल हो रहा है। इनमें शीशा, वज्रम गोंद, मैदा, एल्युमीनियम ऑक्साइड और जिरकोनिया ऑक्साइड शामिल है। इन सभी चीजों के मिक्स होने पर तेज धार वाला चाइनीज मांझा तैयार होता है। यह आसानी से टूटता नहीं है। इसमें ब्लेड जैसी धार होती है। वैसे बाजार में मिलने वाले सभी मांझे घातक होते हैं, लेकिन इनमें चाइनीज मांझा सबसे खतरनाक साबित है ।

पुलिस हर साल समय समय पर मांझे को लेकर नोटिफिकेशन जारी करती है। जहां भी बिक्री होती है, पुलिस एक्शन लेती है। चूंकि पतंग कटने के बाद हवा में उड़ता हुआ मांझा हादसे की वजह बनता है। ऐसे में पुलिस के सामने पतंग उड़ाने वाले का पता करना बड़ी चुनौती होती है। आखिर यह पतंग कहां से कटकर आई है। कौन उड़ा रहा था। अगर किसी को चाइनीज मांझे की बिक्री के बारे में पता चले तो फौरन पुलिस को सूचना देना चाहिए । दरअसल मकर संक्रांति के पहले पतंग उड़ाने में इस्तेमाल होने वाला चायनीज नायलॉन मांझा लगातार सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनता जा रहा है। कई जगहों पर प्रशासन इसके इस्तेमाल पर बैन लगाने की मुहिम तो चला रहा है। लेकिन फिर भी दुकानदार इसे बेचने से बाज नहीं आ रहे और लोग इसे खरीद भी रहे हैं। बच्चे इस मांझे का इस्तेमाल कर रहे हैं जो काफी खतरनाक साबित हो सकता है। सिर्फ इंसान ही नहीं बल्कि पक्षी भी चाइनीज मांझे का शिकार बन रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि इस बिक्री पर कड़ी रोक लगाई जाए।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक,
समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

# महेश्वर में जनपद बैठक के दौरान विधायक सख्त, लापरवाही पर निलंबन की चेतावनी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • महेश्वर जनपद पंचायत सभागृह में सोमवार को समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान विधायक राजकुमार मेव ने अधिकारियों और कर्मचारियों को काम में लापरवाही बरतने पर निलंबन की चेतावनी दी। इस दौरान विधायक ने दो टूक कहा कि अब जिम्मेदारी से भागने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। विधायक मेव ने इंदौर में दूषित पानी की घटना का हवाला देते हुए कहा कि कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा जनप्रतिनिधियों को जनता के बीच भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी अच्छी तनख्वाह लेते हैं, लेकिन काम सिर्फ कागजों तक सीमित है, यह अब नहीं चलेगा। बैठक में विधायक ने मंडलेश्वर नगर परिषद के सीएमओ संजय रावल से पूछा कि पांच महीने के कार्यकाल में कितनी बार फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। जब सीएमओ ने हाल ही में एसडीएम के साथ निरीक्षण की बात कही, तो विधायक और नाराज हो गए। विधायक ने कहा कि वरिष्ठ



अधिकारियों के निरीक्षण के बाद भी अगर पीने लायक पानी नहीं मिल रहा और गंदगी बनी हुई है, तो यह लापरवाही है।

### मैदान में उतरने के निर्देश

विधायक मेव ने निर्देश दिए कि अधिकारी, कर्मचारी, पंचायत सचिव और सहायक सचिव सिर्फ कार्यालयों में न बैठें। वे गांवों और वार्डों में जाकर पानी की लाइनों, चेंबर, ट्यूबवेल और टंकियों की खुद जांच करें। खुले कुओं को जाली से ढंकने और सभी जल स्रोतों को तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए गए। विधायक ने चेतावनी दी कि यदि सुधार नहीं हुआ तो वे सीधे मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर संबंधितों पर कार्रवाई की मांग करेंगे।

### अधिकारी और जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

बैठक में एसडीएम पूर्वा मंडलोई, जनपद सीईओ लोकेश छापरे, तहसीलदार कैलाश सस्त्या भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल और जितेंद्र गौड़, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पार्षद नितिन पाटीदार, महामंत्री महादेव पाटीदार, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अतुल गौर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत सचिव और सहायक सचिव मौजूद रहे।

# खंडवा में धूप खिली, ठिठुरन बरकरार, नर्मदा तटों पर स्नान के लिए उमड़े लोग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • 24 घंटे के भीतर फिर से मौसम बदलाव देखने को आया हैं। रविवार के दिन जहां दोपहर तक कोहरा छाया रहा, रातभर सर्द हवाएं चलती रही। वहीं आज सोमवार सुबह 8 बजे ही कोहरा छट गया। सुबह 10 बजे बाद धूप खिल आई, जो अब तक बरकरार है। हालांकि, हवा के कारण मौसम सर्द बना हुआ हैं। जिससे कि ठिठुरन भी बढ़ी हुई है। तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं आई है। नर्मदा घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नर्मदा स्नान कर ओंकार महाराज के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और दर्शन किए। सर्द मौसम के बीच सोमवार सुबह तक श्रद्धालुओं का आंकड़ा 40 हजार रहा है।

### कोहरे और बादल छाने से फसलें 30% तक प्रभावित

दो दिन से कोहरे एवं खराब मौसम से प्याज, गेहूं व चना सहित तरबूज की फसल प्रभावित होने की संभावना बनी हुई है। कोहरे एवं खराब मौसम से गेहूं, चने में इल्ली (फसल खाने वाले कीट), मच्छर का प्रकोप देखा जा रहा है। जिससे गेहूं, चने की फसल पीली पड़ रही है। इस खराब मौसम से लगभग 30% उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा। संयुक्त कृषक संगठन खंडवा जिला मंत्री जय पटेल ने बताया कीट प्रकोप के कारण प्याज, आलू एवं सब्जी वाली फसलों को नुकसान होगा, जिससे फसल उत्पादन कम होगा और किसान की लागत भी बढ़ेगी। मौसम विशेषज्ञ डॉ. सौरव गुप्ता के अनुसार, उत्तर भारत में लगातार बर्फबारी और शीतलहर का असर देखने को मिल रहा है। आगामी दिनों में मध्यम से घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। दिन का तापमान 24 से 28 डिग्री व रात का तापमान 5 से 9 डिग्री के बीच रह सकता है। रविवार को दिन का तापमान 22.5 डिग्री और रात का तापमान 9.0 डिग्री सेल्सियस रहा। एक दिन पहले दिन का तापमान 27.5 डिग्री और रात का तापमान 10.0 डिग्री सेल्सियस था। इस तरह दिन और रात के तापमान में सिर्फ 13.5 डिग्री का अंतर रह गया।

# जहरीली शराब से युवक की मौत, 2 महीने पहले महिलाओं ने की थी शिकायत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** •अहमदपुर खैगांव में जहरीली शराब पीने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान संजय पिता शंकर अटूट (40) के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मरच्यूरी में रखवाया है। मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए आज मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम किया जाएगा। फिलहाल मोघट रोड थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक इसी गांव का रहने वाला है। खास बात यह है कि यहां की महिलाओं ने दो माह पहले कलेक्ट्रेट पहुंचकर अवैध शराब के ठिकानों पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। महिलाओं का आरोप था कि गांव में जगह-जगह अवैध शराब बेची जा रही है और केमिकल मिलाकर सप्लाई हो रही है। इसके बाद भी आबकारी और पुलिस ने गांव में कोई कार्रवाई नहीं की। अब उसी जहरीली शराब के पीने से युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, सोमवार शाम करीब 5 बजे संजय की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे तेज उल्टियां होने लगीं। परिजन उसे उपचार के लिए



अस्पताल ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों का कहना है कि संजय शराब पीने का आदी था। सोमवार शाम को भी उसने शराब पी थी। इसके कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि उसने जहरीली शराब पी ली थी, जिससे उसकी जान गई। भाई संदीप अटूट ने बताया कि संजय मिस्त्री का काम करता था। वह अक्सर रेलवे गेट के पास शराब पीने जाता था। वहीं से उसने शराब का सेवन किया था। मृतक संजय की पत्नी का पहले ही कैंसर से निधन हो चुका है। परिवार में उसके दो छोटे बच्चे और वृद्ध माता-पिता हैं। संजय की मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मौत जहरीली शराब से हुई या किसी अन्य कारण से।

# इंदौर जहरीले पानी से मौतें, बड़वाह में कांग्रेस का प्रदर्शन हाथों में घंटा लेकर 'घंटा मंत्री हाय-हाय' के लगाए नारे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • बड़वाह में कांग्रेस ने मंगलवार को इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 17 लोगों की मौत के मामले में प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस महामंत्री नरेंद्र पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने सरकार पर कुंभकर्णी नींद में होने का आरोप लगाते हुए 'घंटा' बजाकर विरोध जताया।

**हाथों में घंटा लेकर की नारेबाजी-** दोपहर लगभग 1 बजे जय स्तंभ चौराहे से कांग्रेसियों ने रैली निकाली। कार्यकर्ता हाथों में घंटे लिए 'मोहन सरकार होश में आओ' और 'घंटा मंत्री हाय-हाय' जैसे नारे लगा रहे थे। यह रैली मुख्य चौराहा, एमजी रोड से होते हुए गोल बिल्डिंग




तक गई और फिर जय स्तंभ चौराहे पर आकर खत्म हुई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि इंदौर में लंबे समय से गंदे पानी की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारी, महापौर और संबंधित मंत्री ने कोई ध्यान नहीं दिया। नेताओं ने कहा कि 17 लोगों की मौत के बाद ही प्रशासन की नींद खुली। कांग्रेस नेताओं ने मंत्री विजयवर्गीय पर मीडिया के सवालों पर गैर-जिम्मेदाराना बयान देने का आरोप लगाया। उन्होंने मांग की कि इस मामले में अधिकारियों के साथ-साथ महापौर और मंत्री की जवाबदेही तय की जाए और उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। रैली के समापन पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बड़वाह विधायक सचिन बिरला और सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने 17 मृतकों के प्रति अब तक श्रद्धांजलि भी व्यक्त नहीं की है। उन्होंने जनता से इन जनप्रतिनिधियों से सवाल पूछने का आह्वान किया।

# भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक, जैविक अधिकारी के दौरे की रूपरेखा बनी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • भारतीय किसान संघ की जिला स्तरीय मासिक बैठक आयोजित हुई। इसमें अखिल भारतीय जैविक अधिकारी पद्मश्री हुकुम पाटीदार के 16 जनवरी के जिले में प्रस्तावित दौरे और जिले की अधूरी सिंचाई परियोजनाओं पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष सदाशिव पाटीदार ने किसानों से जुड़ी समस्याओं और मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जिले की सिंचाई परियोजनाओं और भारतीय कपास निगम की कपास खरीदी से संबंधित कार्ययोजना तैयार करने की बात कही।

बैठक में मालवा प्रांत सह संगठन मंत्री दिनेश शर्मा ने संगठन विस्तार और कार्यालय निर्माण को लेकर चर्चा की। जिला पदाधिकारियों ने जिले में चल रही सिंचाई परियोजनाओं में भ्रष्टाचार और लेटलतीफी पर चिंता व्यक्त की। इस बैठक में रेवाराम भाईडिया (मालवा प्रांत उपाध्यक्ष), श्यामसिंह पवार (मालवा प्रांत युवा वाहिनी संयोजक), जबरसिंह पवार (जिला कोषाध्यक्ष), सीताराम पाटीदार (कार्यालय मंत्री), वासुदेव चौधरी (जिला मंत्री), मुकेश पटेल, राजेंद्रसिंह सोलंकी, नितेश सिंह मौर्य सहित सभी तहसील अध्यक्ष और मंत्री उपस्थित थे। जिला पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर भव्य मित्तल से भी मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को जिले में सिंचाई परियोजनाओं और सीसीआई की कपास खरीदी में बेहतर कपास के कम मूल्य पर मूल्यांकन की शिकायत की। कलेक्टर ने किसान प्रतिनिधियों को उनकी समस्याओं के गंभीरता से निराकरण का आश्वासन दिया।

# हेड ने सिडनी में शतक के साथ ही बनाया रिकार्ड

**सिडनी (एजेंसी)** ● ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज टेविस हेड ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज के पांचवें क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपना शतक पूरा किया। ये हेड का इस सीरीज में तीसरा शतक है। इसी के साथ ही हेड ने सात घरेलू मैदानों पर शतक लगाने का नया रिकार्ड अपने नाम किया है। हेड ने 105 गेंदों में 24 चौके और एक छक्के की सहायता से 166 गेंदों पर 163 रनों की पारी खेली। इसी के साथ ही हेड ने अपने टेस्ट करियर का 12वां शतक लगाया। ये इस सीरीज में उनका तीसरा शतक रहा। यह शतक हेड के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण रहा क्योंकि उन्होंने पहली बार सिडनी क्रिकेट मैदान में कोई शतक लगाया है। इसी के साथ ही वह अब अपनी धरती पर सात



अलग-अलग मैदानों पर टेस्ट शतक लगाने वाले विश्व के पांचवें बल्लेबाज बन गए हैं। इस सूची में पहले से ही स्टीव वॉ, जस्टिन लैंगर, मैथ्यू हेडन और डेविड वॉर्नर शामिल हैं।

हेड का ये 65वां टेस्ट मैच है। इससे पहले उन्होंने एडिलेड ओवल में लगातार चार टेस्ट शतक जबकि गाबा में दो शतक लगाये हैं। वहीं मेलबर्न क्रिकेट मैदान के अलावा पर्थ, होबार्ट, कैनबरा और अब सिडनी क्रिकेट मैदान में एक-एक शतक उनके नाम है। वहीं विदेशी धरती पर उनके नाम केवल एक शतक है। ये शतक उन्होंने इंग्लैंड के ओवल मैदान में साल 2021-23 में हुए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भारत के खिलाफ लगाया था। तब हेड ने 174 गेंदों पर 163 रनों की आक्रामक पारी खेली थी। हेड ने इस बार अपनी पारी में 152 गेंदों पर 150 रन बनाये ये एशेज में गेंदों के लिहाज से पांचवां सबसे तेज शतक है। हेड अब एशेज सीरीज में तीन शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में भी शामिल हो गये हैं।



# पुराने दिनों को याद कर भावुक हुई कविता कौशिक

**मुंबई (एजेंसी)** ● अभिनेत्री कविता कौशिक ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने अपने जीवन के उन पुराने रूपों को याद किया। पोस्ट का शीर्षक था मेरे वो रूप जिन्हें मैं आज भी याद करती हूं। इस पोस्ट में कविता ने अपने निजी अनुभवों और जीवन में आए बदलावों पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि समय, अनुभव और परिस्थितियों ने उन्हें बदल दिया है। कविता ने लिखा, मैं अपनी जिंदगी के कुछ हिस्सों को पीछे छोड़ चुकी हूं, लेकिन उनकी यादें आज भी मेरे दिल में जिंदा हैं। जब पापा साथ थे, तब बेफिक्र थी। पिता का साया खोना किसी भी इंसान के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव लेकर आता है। कविता ने अपने पुराने रूपों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें वह शांत और कोमल लड़की याद आती है, जो स्कूल की यूनिफॉर्म के पीछे छिपी रहती थी और जिसे कोई ठीक से नहीं समझ पाया। साथ ही वह छोटी सी बच्ची भी उन्हें याद आती है, जिसे बस खेल-कूद में मज़ा आता था और जो जिंदगी की जिम्मेदारियों से बेफिक्र थी। इसके अलावा, कविता ने अपने भीतर की निडर और साहसी लड़की को भी याद किया, जो बिना सोचे-समझे जोखिम लेने का हौसला रखती थी। उन्होंने लिखा, कभी मेरे अंदर ऐसा आत्मविश्वास था कि मैं दुनिया में कुछ भी कर सकती हूं, लेकिन अब मैंने इन सभी रूपों को अलविदा कह दिया है।



# वीनस ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में वापसी का कारण बताया

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)** ● पहला ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन 18 जनवरी 2026 से खेला जाएगा। इसमें 45 साल की अमेरिकी महिला टेनिस स्टार वीनस विलियम्स पर सबकी नजरें रहेंगी। वीनस इस टूर्नामेंट में उतरने वाली सबसे उम्रदराज खिताड़ी रहेंगी। वीनस ने कहा है कि 45 साल की उम्र में भी वापसी वह इसलिए कर रही हैं क्योंकि उनके अंदर अभी भी खेल को लेकर उत्साह है। वीनस ने कहा कि वह खेलने के लिए नहीं, बल्कि अच्छे स्तर का टेनिस दिखाने के लिए कोर्ट पर उतर रही हैं। वीनस को ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए वाइल्डकार्ड के जरिये प्रवेश मिला है और इसके साथ ही वह टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में खेलने वाली सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बन जाएंगी। मेलबर्न में वह पांच साल बाद वापसी कर रही हैं।

सात बार कि ग्रैंड स्लैम वीनस ने हालांकि कहा कि अब वह रिकार्ड के लिए नहीं बल्कि अपनी खुशी के लिए खेल रही हैं। उन्होंने कहा, 'अब मैं रिकॉर्ड्स के पीछे नहीं भागती। मेरा लक्ष्य खुश रहना है और अपने को चुनौती देना है। कठिन हालातों को अपने अनुकूल बनाना ही चैंपियंस की पहचान होती है।' उन्होंने आगे जोड़ा कि इतनी लंबी दूरी तय कर टूर्नामेंट खेलने आने का मतलब ही है कि उनके भीतर अब भी जीतने की भूख मौजूद है। इस खिलाड़ी ने कहा मैं केवल भाग लेने नहीं बेहतर प्रदर्शन के इरादे से यहां आयी हूं।'

# नोवाक जोकोविच एडिलेड इंटरनेशनल से हटे, अब ऑस्ट्रेलियन ओपन पर फोकस

**एडिलेड। (एजेंसी)** ● नोवाक जोकोविच ने अगले हफ्ते होने वाले एडिलेड इंटरनेशनल से अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने फिटनेस की ड्क्षचताओं का हवाला दिया है, क्योंकि वह ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी जारी रखे हुए हैं। एडिलेड में फैंस को संबोधित करते हुए एक इंस्टाग्राम स्टोरी में, 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने कहा कि वह एटीपी 250 इवेंट में शारीरिक रूप से प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं और इस फैसले को व्यक्तिगत रूप से बहुत निराशाजनक बताया। जोकोविच ने कहा कि एडिलेड उनके लिए खास महत्व रखता है, क्योंकि उन्होंने दो साल पहले वहां खिताब जीता था और कहा कि शहर में वापस आकर सच में घर जैसा महसूस हुआ। हालांकि, सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि उनकी तत्काल प्राथमिकता सीजन के पहले ग्रैंड स्लैम के लिए तैयार होना है। उन्होंने कहा, मेरा ध्यान अब ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी पर है और मैं जल्द ही मेलबोर्न पहुंचने और ऑस्ट्रेलिया में सभी टेनिस फैंस से मिलने का इंतजार कर रहा हूं।



# फिल्म 'द राजा साब' में अलग भूमिका में दिखने वाले हैं प्रभास

**मुंबई (एजेंसी)** ● फिल्म 'द राजा साब' में एक अलग भूमिका में दिखने वाले हैं। प्रभाष की यह फिल्म 9 जनवरी रिलीज होगी। इससे पहले प्रभास की एक और मोस्ट अवेटेड फिल्म 'कल्कि 2898 एडी 2' को लेकर एक ताजा खबर सामने आई हैं। इसे जानने के बाद फैंस खुशी से झूम उठेंगे। आकाशवाणी की एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रभास की 'कल्कि 2898 एडी' ने दर्शकों को जबरदस्त पसंद किया और बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। फिल्म के क्लिफहैंगर एंडिंग ने सीक्वल के लिए उम्मीदें बढ़ाई। अब इसके लिए मेकर्स तैयार हो चुके हैं। सब कुछ रहा तो 'कल्कि 2898 एडी पार्ट 2' की शूटिंग फरवरी 2026 से शुरू हो सकती हैं। प्रभास खुद अभी संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट की शूटिंग में बिजी हैं। ऐसे में 'कल्कि 2898 एडी पार्ट 2' के लिए उनके फैंस को थोड़ा




इंतजार करना पड़ सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका पादुकोण के फिल्म बाहर होने के बाद उनके रोल के लिए अब तक किसी नई एक्ट्रेस की पुष्टि नहीं हुई है।

## उज्जैन संभाग

# उज्जैन में होगा राज्य युवा उत्सव, 24 विश्वविद्यालयों के 800 से अधिक युवा होंगे शामिल, 22 विभिन्न विधाओं में कला का प्रदर्शन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● उज्जैन में आठ साल बाद राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय इसकी मेजबानी कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 8 जनवरी को इसका उद्घाटन करेंगे। इस तीन दिवसीय उत्सव में प्रदेश के 24 विश्वविद्यालयों से 800 से अधिक युवा शामिल होंगे। उत्सव में मध्य प्रदेश के 24 शासकीय विश्वविद्यालयों को आमंत्रित किया गया है। इनमें से 16 से अधिक विश्वविद्यालयों की प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं। शेष विश्वविद्यालयों की प्रविष्टियों का इंतजार है।

यह आयोजन 8 से 10 जनवरी तक चलेगा। इसमें प्रदेशभर से 800 से अधिक युवा 22 विभिन्न विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इन विधाओं में सांस्कृतिक, साहित्यिक और ललित कला से संबंधित प्रतियोगिताएं शामिल हैं। वर्ष 2017 में हुए युवा उत्सव में 400 से अधिक प्रतिभागी थे, इस बार यह संख्या दोगुनी होने की उम्मीद है। इस वर्ष के युवा उत्सव की मुख्य विशेषता इसकी थीम है, जो भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित है। सभी प्रस्तुतियां, चाहे वे नृत्य, गायन, नाटक,



साहित्यिक या ललित कला से संबंधित हों, भारतीय संस्कृति और विरासत को दर्शाएंगी। इसी कारण इसे युवाओं का 'लघु कुंभ' भी कहा जा रहा है। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य केवल प्रतियोगिताएं कराना नहीं, बल्कि उज्जैन की 'अतिथि देवो भव:' परंपरा से विद्यार्थियों को परिचित कराना भी है। विद्यार्थी कल्याण संकायाध्यक्ष प्रो. एस.के. मिश्रा ने जानकारी दी कि उत्सव में गायन, नृत्य, नाटक, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग और ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग जैसी विधाएं शामिल होंगी।

# बड़वाह बस स्टैंड से नहीं हटेगी बाबा साहब की प्रतिमा, शॉपिंग काम्प्लेक्स में शिफ्ट की जानी थी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● बड़वाह बस स्टैंड पर स्थित संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा को दूसरी जगह शिफ्ट करने के प्रस्ताव पर समाज के लोगों ने असहमति जताई है। नगर पालिका (नपा) परिषद ने इस प्रतिमा को चंद्रकांत गुप्ता शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में लगाने का सुझाव दिया था, लेकिन समाज के विरोध के बाद अब परिषद इस पर फिर से विचार करेगी। नगर पालिका कार्यालय में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता और सीएमओ कुलदीप किशुंक ने समाज के सामने प्रतिमा हटाने का प्रस्ताव रखा। चर्चा के दौरान समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने साफ कर दिया कि वे प्रतिमा को वर्तमान स्थान से हटाने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रतिमा को कहीं और ले जाने के बजाय बस स्टैंड पर ही उसका जीर्णोद्धार किया जाए और आसपास के क्षेत्र को सुंदर बनाया जाए। नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने परिषद का पक्ष रखते हुए कहा कि वर्तमान में प्रतिमा मुख्य सड़क के बीच में है, जिससे वहां काफी धूल जमा होती है और प्रतिमा जर्जर हो रही है। परिषद की योजना थी कि शहर के विकास के साथ बाबा साहेब की नई और भव्य प्रतिमा को सुरक्षित स्थान पर स्थापित किया जाए।

# सरकारी नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार, पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● मंडलेश्वर पुलिस ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले ठग अजय मंशोरे को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बेरोजगार युवाओं से 2 लाख 78 हजार 400 रुपए ठगे थे और उन पर दबाव बनाने के लिए खरगोन-बड़वानी सांसद गजेंद्र सिंह पटेल का नाम भी इस्तेमाल किया था। पुलिस ने आरोपी के पास से ठगी की पूरी राशि बरामद कर ली है। दरअसल, पीड़ितों ने खुलासा किया कि आरोपी अजय पिता हरिराम मंशोरे, निवासी छोटी खरगोन, खुद को रसूखदार बताकर सांसद के नाम का इस्तेमाल कर रहा था। जानकारी मिलने पर खरगोन-बड़वानी सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने तुरंत पीड़ितों से मुलाकात की। उन्होंने युवाओं को न्याय का आश्वासन देते हुए पुलिस प्रशासन को आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। पुलिस के अनुसार, 20 दिसंबर को ग्राम मुरल्ला निवासी अरुण और उनके साथ 6 अन्य युवाओं ने शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी अजय मंशोरे ने इन सभी को सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर कुल 2,78,400 रुपए ऐंठे थे और उसके बाद से फरार हो गया था। पुलिस ने इस मामले में धारा 318(4) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। एसपी रविंद्र वर्मा और एडिशनल एसपी शकुंतला रुहल के निर्देशन में बनी विशेष टीम के लिए आरोपी को पकड़ना एक चुनौती बन गया था, क्योंकि वह लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था।

# महाकाल के दर्शन करने आ रहे 3 दोस्तों की मौत, तेलंगाना से निकले थे 7 दोस्त; गाड़ी ट्राले से टकराई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** उज्जैन स्थित देवास रोड के चंदेसरा क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेलंगाना से महाकाल मंदिर दर्शन के लिए आ रहे युवकों की टेंपो ट्रैक्स पाइप से भरे ट्राले से टकरा गई। हादसा सुबह करीब चार बजे हुआ, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई।तेलंगाना के फरीदपुर, मेहबूबनगर निवासी बी. नरसिम्हा (20 वर्ष) अपने सात दोस्तों के साथ टेंपो ट्रैक्स से महाकाल मंदिर और अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए जा रहे थे। उनकी टेंपो ट्रैक्स (क्रमांक ञ्च36ह्र0688) जब चंदेसरा गांव के सर्विस रोड पर महादेव सर्विस एंड वाशिंग सेंटर के सामने पहुंची, तभी हाईवे पर चल रहे पाइप से भरे ट्राले के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे ट्रैक्स ट्राले में जा घुसी।



## 1 युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

हादसे में घायल सभी लोगों को तुरंत चरक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने नरसिम्हा पिता बालचंद्रणा (20 वर्ष) और जगन्नाथ पिता बेंकेंटेस (26 वर्ष), निवासी कर्नाटक डोंगरामपुर, को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल शिवा कुमार पिता एलप्पा (25 वर्ष), निवासी फरीदपुर, को इंदौर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

## घायलों की इलाज के बाद छुट्टी

हादसे में टेंपो ट्रैक्स में सवार के.बी. नरसिम्हा, रामप्पा, मलेन पिता नरसप्पा, अरतिद पिता लक्ष्मण (11 वर्ष), वाहन चालक बाल मंद्रप्पा, चिन्ना कुंधाकुंटा, जिया कुमार पिता एलव्या और काशप्या पिता चित्रा रामुनु घायल हो गए। सभी को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामूली रूप से घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। एडिशनल एसपी गुरु प्रसाद पराशर ने बताया कि सभी युवक धार्मिक यात्रा पर थे। दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। पुलिस ने ट्राला जब्त कर उसके चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# महिला की हत्या का आरोपी खंडवा से गिरफ्तार चरित्र शंका में दुपट्टे से गला घोंटा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● भीकनगांव क्षेत्र में मंगलवार को एक महिला की हत्या का 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश हो गया है। पुलिस ने प्रेम प्रसंग के चलते चरित्र शंका में महिला की हत्या करने वाले आरोपी को खंडवा जिले के पंधाना थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। मृतका की पहचान फ्रीगंज, भीकनगांव निवासी 24 वर्षीय महिला के रूप में हुई है। भीकनगांव थाना क्षेत्र के गणपति बेड़ा इलाके में झाड़ियों के पास महिला का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी।

भीकनगांव पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 194 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू



की। घटनास्थल के मुआयना में पुलिस ने पाया कि मृतका की नाक से खून निकल रहा था और पास में उसका दुपट्टा पड़ा था। प्रारंभिक साक्ष्यों के आधार पर गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका जताई गई, जिसकी पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हुई। पुलिस ने मृतका के निवास से घटनास्थल तक के रास्तों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में 4 जनवरी को महिला को सराफा बाजार, भीकनगांव से पैदल जाते हुए देखा गया। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतका का खंडवा जिले के जामली निवासी योगेश पिता कालू बारे से प्रेम प्रसंग था। योगेश को भी घटनास्थल के आसपास देखा गया था। तत्काल पुलिस टीम ने योगेश की तलाश कर उसे जामली थाना पंधाना से हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ के दौरान उसने मृतका के चरित्र पर शंका होने के कारण उसे घटनास्थल पर बुलाकर दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी योगेश पर पंधाना थाने में 2019 में जान से मारने की धमकी देने और गाली-गलौज करने की धाराओं के तहत एक मामला दर्ज है।

## न्यूज ब्रीफ

### भागीरथ पूरा मामले में हाई कोर्ट ने 15 जनवरी को चीफ सेक्रेट्री को किया तलब

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से कई लोगों की मौत एवम सैंकड़ों लोगों के बीमार होने के मामले में दायर जनहित याचिकाओं पर आज हुई सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने 15 जनवरी को प्रदेश के चीफ सेक्रेट्री को तलब किया है। ये जनहित याचिका एडवोकेट रितेश इनानी एवं पूर्व पार्षद महेश गर्ग एवं प्रमोद द्विवेदी द्वारा एडवोकेट मनीष यादव के माध्यम से डायर की गई है। गत 2 जानवरी को हुई सुनवाई के दौरान सरकार को मामले में स्टेटस रिपोर्ट पेश की थी। इसमें 4 लोगो की इस मामले में मौत होना बताया गया था जबकि उस दिन भी मौत के आंकड़े अधिक थे। अब यह संख्या और बढ़ चुकी है। आज जस्टिस विजय कुमार शुक्ला एवं जस्टिस आलोक अवस्थी की नियमित डिवीजन बेंच में पहली बार मामले की सुनवाई हुई। एडवोकेट इनानी ने बताया कि इसमें कोर्ट ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 15 जनवरी को मुख्य सचिव को उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

### भागीरथपुरा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24 हजार 786 लोगों को किट वितरण के साथ परामर्श दिया गया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई जलजनित घटना के बाद प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों से सुधार नजर आने लगा है। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने भागीरथपुरा के प्रभावित क्षेत्र में सघन दौरा किया। भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. चंद्रशेखर गेदाम तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने आज कोबो टूल का प्रयोग किया गया। इस टूल के माध्यम से किसी भी स्थिति का रियल टाईम में जानकारी प्राप्त की जाती है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार भागीरथपुरा क्षेत्र में 05 एम्बुलेंस लगाई गई हैं। 24×7 चिकित्सकों की ड्यूटी क्षेत्र में लगाई गई है। प्रभावितों को एम. व्हाय. चिकित्सालय, अरविंदों अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरु अस्पताल में रेफर किया जा रहा है। जो मरीज निजी चिकित्सालयों में जा रहें हैं, वहाँ पर भी नि:शुल्क उपचार, जाँच एवं औषधि हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी द्वारा निर्देशित किया गया है। प्रशासन और नगर निगम द्वारा भागीरथपुरा के प्रभावित क्षेत्रों में नर्मदा तथा बोरिंग पाईप लाईनों के लीकेज आदि का सुधार कार्य करवाया गया। वर्तमान में जिस टंकी से क्षेत्र में पानी का वितरण किया जा रहा है उसे सुपरक्लोरिनेट कर वितरण किया जा रहा है। साथ ही पाईप लाइन की फ्लशिंग का कार्य भी किया जा रहा है।

# भागीरथपुरा में पहुंचे कांग्रेसी नेता, पटवारी और उमंग सिंघार बोले-17 से ज्यादा मौत हुई, महापौर इस्तीफा दें





**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भागीरथपुरा में गंदे पानी के कांड में 17 लोगों की मौत के बाद कांग्रेस नेता एक बार फिर मौके पर पहुंचे। लेकिन इसके पहले ही पूरा एरिया पुलिस छावनी बन गया था। सैंकड़ों पुलिस बल मौके पर लगा दिया गया और बैरिकेंडिंग कर दी गई। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं से पुलिस की जमकर बहस हुई। नेता प्रतिपक्ष विधानसभा उमंग सिंघार से तो लगभग झड़प हो गई। इस पर सिंघार ने कहा कि बीजेपी कितना भी जोर लगा ले, उन्हें पीड़ितों से मिलने से नहीं रोक सकती है।

जीतू पटवारी ने कहा कि पुलिस रोक देती है, मिलने नहीं देती, सच को दबाया जा रहा है। सांसद लापता है। महापौर इस्तीफा दें। पटवारी और सिंघार बोले कि मौतों का आंकड़ा छिपाया जा रहा, 17 से ज्यादा मौते हुई है।

**दो लाख केवल चार लोगों को दिया**-जीतू पटवारी एक मृतक के परिजन से मिले और उनसे पूछा कि कितना मुआवजा दिया। उन्होंने कहा कि दो लाख का चेक दिया। वहीं आसपास के लोगों ने बताया कि केवल चार लोगों को ही दो-दो लाख का चेक रेडक्रास सोसायटी से दिया गया है। बाकी को नहीं दिया गया है, जबकि 17 मरे हैं। इस पर पटवारी ने कहा कि यह राशि बहुत कम है, जहां सरकार की गलती होती है एक-एक करोड़ देती है। राशि से मौत का दुख दूर नहीं होता है, लेकिन राशि तो मिलना चाहिए। पटवारी ने कहा कि जल्द ही राहुल गांधी जी भी आ रहे हैं और वह मुलाकात करेंगे।

**पटवारी का कहना है**-पटवारी ने मीडिया से कहा कि 17 मौत नहीं हुई, उससे ज्यादा हुई है। परिजनों ने जो बताया और जो खबरें आ रही थी वह सभी सत्य है। केवल 17 नहीं और भी मौतें हुई है, कई लोग यहां से चले गए थे। यह शहर बदनाम हुआ है। यहां के लोग साल भर से परेशान थे, लेकिन नगर निगम कोई ध्यान नहीं दिया। यह महापौर की ड्यूटी थी, उन्हें इस्तीफा देना चाहिए।

**पुलिस ने क्या बोलकर रोका रास्ता**-एडिशनल डीसीपी रामस्नेही मिश्रा ने कहा कि अभी इस क्षेत्र में कई अन्य जरूरी काम, सेवाएं दी जा रही है। मेडिकल टीम आई हुई है, पानी की सप्लाई हो रही है। ऐसे में बेवजह भागीरथपुरा में जाने पर रोक है और बैरेंकेडिंग की गई है। कोई भी जबरदस्ती हुई तो गिरफ्तारी की जाएगी।

**परिजनों से मिले और जाना हाल**-लंबी बहस के बाद प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ सिंघार, सज्जन सिंह वर्मा, शोभा ओझा, चिंटू चौकसे, रीना बौरासी, सचिन यादव व गिनती के कुल 10 नेताओं को भागीरथपुरा में जाने की मंजूरी दी गई। बाकी सभी को पुलिस ने रोक दिया। मौके पर सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसी पहुंच गए थे।

इन सभी को बाहर रोक दिया गया। पटवारी ने भी घोषणा करते हुए कुछ को ही साथ में आने के लिए कहा और बाकी को वहीं बाहर रूकने के लिए कहा गया। इसके बाद सभी चिन्हित नेता परिजनों से मिले और घटना के बारे में जानकारी ली।

**यह हादसा नहीं लापरवाही का नतीजा है**-इंदौर में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए सिंघार ने कहा कि यह हाल है तो फिर सवाल उठता है कि इंदौर के अधिकारी कैसे लगातार सफाई का अवार्ड ला रहे थे। उन्होंने कहा कि ये आकस्मिक दुर्घटना नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही प्रशासनिक लापरवाही, देरी और संवेदनहीन शासन का परिणाम है।

यह हादसा नहीं, लापरवाही से हुई मौत है। मुख्य पेयजल पाइपलाइन के ऊपर बिना सेप्टिक व्यवस्था के शौचालय बना हुआ था। महीनों से गंदे पानी की शिकायतें अधिकारियों, जलप्रदाय विभाग और मेयर हेल्पलाइन तक की जाती रहीं।

### ढाई साल तक दबा रखी टेंडर की फाइल: सिंघार

ढाई साल तक दबा रहा पाइपलाइन टेंडर। 25 नवंबर 2022 मेयर-इन-काउंसिल संकल्प क्रमांक 106 के तहत नई पेयजल पाइपलाइन का निर्णय हुआ और 30 जनवरी 2023 संकल्प संबंधित विभागों को भेजा गया। फिर 30 जुलाई 2025 को 2.4 करोड़ का टेंडर जारी हुआ। टेंडर जारी होने के बाद भी लगभग 5 महीने तक कुछ नहीं हुआ। अधिकारियों का निलंबन जवाबदेही नहीं, डैमेज कंट्रोल है। इंदौर लगातार 8 बार देश का सबसे स्वच्छ शहर रहा। साल 2025 में भी शीर्ष स्थान पर रहा। निगम का बजट 8 हजार करोड़ है। फिर ही साफ पानी नहीं है। स्वच्छता पुरस्कार आज जनता के लिए कटु व्यंग्य बन चुका है। साल 2012-2023 के ड्रेनेज घोटाले में करोड़ों के फर्जी बिल पास किए गए। पीड़ितों को दो लाख की सहायता किसी की जान की कीमत नहीं हो सकती। यह मुआवजा नहीं, बल्कि सरकार की जवाबदेही से बचने का प्रयास है। एक करोड़ तक मुआवजा मिलना चाहिए। उमंग सिंघार के साथ विधायक सचिन यादव, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, शहराध्यक्ष चिंटू चौकसे मौजूद थे।

---

**भागीरथपुरा कांड में हाईकोर्ट ने सीएस से मांगा जवाब, याचिकाकर्ता बोले-**

# नए आईएएस आ रहे, जो इंदौर को समझ रहे चारागाह



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भागीरथपुरा में गंदे पानी से हुई 17 मौतों को लेकर इंदौर हाईकोर्ट की बेंच ने मंगलवार 6 जनवरी को 40 मिनट तक सुनवाई की। सुनवाई कई याचिकाओं पर हुई है। इस सुनवाई के बाद हाईकोर्ट की डबल बेंच ने मुख्य सचिव अनुराग जैन से कई सवाल पूछे हैं। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि साफ पानी हर इंसान का मौलिक अधिकार है। यह सिर्फ इंदौर का मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश का है।

### हाईकोर्ट ने यह दिए अंतरिम आदेश

हाईकोर्ट के जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने आदेश दिया कि प्रभावित इलाके में साफ पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाए। दूषित पानी को रोका जाए और जो लोग प्रभावित हुए हैं उनका बेहतर इलाज (भागीरथपुरा कांड) किया जाए। इसके अलावा, अगली सुनवाई पर मौतों के सही आंकड़े भी पूछे गए हैं और एक विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी गई है।

### मौतों का सही आंकड़ा क्यों नहीं आ रहा

अधिवक्ताओं ने यह बात भी उठाई कि अभी तक मौतों का सही आंकड़ा नहीं बताया गया है। वहीं पार्षद कमल वाघेला खुद 15 मौत बोल चुके हैं। उधर न्यूज में 17 मौतें हैं। इस पर भी हाईकोर्ट ने आपत्ति ली। वहीं मांग की गई कि कोविड बुलेटिन की तरह इसकी भी जानकारी जारी की जाए। वहीं अधिवक्ता खंडेलवाल ने कहा कि फेक न्यूज चल रही है इसे रोका जाए। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि कलेक्टर शिवम वर्मा इस संबंध में संज्ञान लें कि फेक न्यूज नहीं हो।

### जांच कमेटी बनाने पर विचार करेगी हाईकोर्ट

हाईकोर्ट ने विभिन्न याचिकाओं पर बहस कर रहे वरिष्ठ वकीलों जैसे अजय बागड़िया, रितेष ईनानी, मनीष यादव, अभिनव धनोतकर, विभोर खंडेलवाल और अन्य को सुना। इस दौरान कई गंभीर मुद्दे उठाए गए। इसके बाद हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव अनुराग जैन से पूरे प्रदेश में साफ पानी से जुड़ी योजनाओं, भागीरथपुरा की स्थिति रिपोर्ट, दोषी अधिकारियों के खिलाफ क्रिमिनल केस और अन्य मुद्दों पर जवाब मांगा है। इस मामले की अगली सुनवाई 15 जनवरी को होगी, और सीएस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपनी बात रखेंगे। बेंच ने कहा कि शासन का पक्ष सुनने के बाद इस मामले में उच्च स्तर पर कमेटी बनाने की मांग पर फैसला लिया जाएगा। वकील धनोतकर ने रिटायर जस्टिस की अध्यक्षता में कमेटी बनाने की मांग की है।

---

**महापौर पुष्यमित्र भार्गव बोले थे-**

# पार्षद भागीरथपुरा में देखें ड्रेनेज, पानी की लाइन का कैसे अच्छा काम हुआ, मैं सर्टिफिकेट दे रहा हूं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर के भागीरथपुरा में गंदे पानी से हुई 17 मौतों के बाद अब महापौर पुष्यमित्र भार्गव का कुछ माह पहले का एक वीडियो मिला है। यह वीडियो महापौर के भागीरथपुरा में दो करोड़ के काम के भूमिपूजन के दौरान का है। इसमें मंच पर पार्षद कमल वाघेला भी हैं। इस दौरान मंच से महापौर ने भागीरथपुरा को अच्छे काम का सर्टिफिकेट बांटा और भागीरथपुरा के कामों का गुणगान किया।

महापौर ने नगर निगम के अपने कार्यकाल के तीन साल पूरे होने के बाद, हुए इस आयोजन में भागीरथपुरा की जमकर तारीफ की। महापौर ने कहा कि यहां पर आपके पार्षद ने तीन साल में 24 सड़कें बनवाई हैं। हर एक की लागत 10 लाख है यानी 2.40 करोड़ की सड़कें बनी हैं। इसके पहले यहां इतनी ही लागत की ड्रेनेज लाइन और इतनी ही लागत की पानी की लाइन भी डाली गई है। यानी पार्षद कमल वाघेला ने तीन साल में 10 करोड़ के काम करा दिए। इसका मतलब एक साल में तीन करोड़ का काम हुआ।

### भागीरथपुरा को मैं अच्छे काम का सर्टिफिकेट देता हूं

महापौर ने कहा कि- मेयर होने के नाते मैं यहां अच्छे काम का सर्टिफिकेट देता हूं। सभी पार्षदों को जिनके यहां बस्तियां आती है। उन्हें भागीरथपुरा आकर देखना चाहिए किस तरह का काम हुआ है। पार्षद हमेशा आपके काम के लिए फॉलो करते हैं और मैंने भी कभी इनका काम नहीं रोका। 10 करोड़ के काम हो गए हैं, दो-तीन करोड़ का अभी भूमिपूजन हो रहा है। दो साल अभी कार्यकाल के बचे हैं। पांच करोड़ के और काम होंगे।

### कमल वाघेला की जमकर की तारीफ

इस पूरे घटनाक्रम में घिरे पार्षद वार्ड 11 कमल वाघेला की भी महापौर ने मंच से जमकर तारीफ की थी। इसमें कहा था कि वाघेला संगठन के व्यक्ति है महामंत्री भी रहे हैं। यह नाम के समान कोमल भी है और बाघ भी। कोई इन्हें परेशान करेगा तो यह उन्हें ठीक कर देंगे।



### यहीं की फाइल पांच महीने तक अटकी रही

उल्लेखनीय है कि यहां की ही पानी की लाइन बदलने की दो करोड़ 40 लाख की फाइल उलझी रही। अगस्त में टेंडर हुए लेकिन इसके बाद इन्हें खोला ही नहीं गया और ना ही वर्क ऑर्डर हुए। जब 29 दिसंबर को मामला सामने आया, इसके बाद यह टेंडर ओपन हुए।

इसके चलते पुरानी 40 फीसदी वाटर सप्लाई लाइन जो समय पर बदलना थी वह बदली ही नहीं। उधर इस कांड के बाद महापौर ने कह दिया कि अधिकारी सुनते नहीं और ऐसे में मैं काम नहीं कर सकता हूं।

---

# निगम के 150 करोड़ के फर्जी बिल घोटाले में आरोपी अभय राठौर, ठेकेदारों ने चली ये चाल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर नगर निगम में मार्च-अप्रैल 2024 में सामने आए 150 करोड़ के फर्जी बिल घोटाले के मामले में आरोपियों ने नई चाल चली है। मुख्य आरोपी इंजीनियर अभय राठौर के साथ ही ठेकेदारों ने जिला/ट्रायल कोर्ट में आरोप तय होने के बाद हाईकोर्ट में नई अपील दायर की है। आरोपियों में अभय राठौर के साथ ही जाकिर, राजकुमार साल्वी, जाहित खान, राजेंद्र शर्मा, मोहम्मद साजिद व अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। यह सभी आरोपी जिला कोर्ट न्यायाधीश विनोद कुमार शर्मा की कोर्ट में 30 अक्टूबर को इन सभी पर तय किए गए आरोपों के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे हैं।

**आरोप पत्र और एफआईआर को किया चैलेंज**-आरोपियों ने हाईकोर्ट में याचिकाएं लगाई है। इसमें जिला कोर्ट में तय किए गए आरोप पत्र और पुलिस में दर्ज कराई गई एफआईआर को ही चुनौती दी गई है। इसमें कहा गया है कि इस मामले में मूल फाइल और दस्तावेज है ही नहीं। केवल फोटोकॉपी के आधार पर ही इस मामले में झूठा केस दर्ज किया गया है। फोटोकॉपी को साक्ष्य नहीं माना जा सकता है। जांच अधिकारी विजय सिंह सिसौदिया ने मूल दस्तावेज लिए ही नहीं। नगर निगम के जिन अधिकारियों को इन फाइलों पर हस्ताक्षर करने थे वह लिए बिना ही केस दर्ज किया। मूल दस्तावेज और फाइल तो चोरी होने की बात कही गई है वह कहां है, मूल फाइल के कोई पते नहीं है। ऐसे में फोटोकॉपी को साक्ष्य मानकर आरोप तय नहीं हो सकते हैं।



**जिला कोर्ट से यह दिया गया आदेश**-यही आपत्ति आरोपियों द्वारा जिला कोर्ट में भी आरोप तय होते समय लगाई गई थी। जिला कोर्ट ने इसे खारिज करते हुए आरोपी जाकिर, राहुल बडेरा, उदयसिंह भदौरिया, चेतन भदौरिया, राजकुमार साल्वी, अभय सिंह राठौर, मुरलीधरन, अनिल गर्ग, रामेस्वलर परमार, राजेंद्र शर्मा व मोहम्मद जाहिद पर आरोप तय कर दिए।

### इन आरोपियों पर यह आरोप

जाकिर, किंग कंस्ट्रक्शन फर्म- ड्रेनेज वॉल जल विभाग में फर्जी साइन कर अवैध लाभ लिया। राहुल बड़ेरा, जान्हवी फर्म- निगम के अधिकारी/कर्मचारियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज से लाभ लिया। उदयासिंह, ड्रेनेज विभाग उपयंत्री- आरोपी फर्म के साथ मिलकर फर्जी बिलों का भुगतान किया। चेतन भदौरिया, निगम में कम्प्यूटर आपरेटर- आरोपी चेनव उदयसिंह के साथ मिलकर अधिकारियों की आईडी-पासवर्ड लेकर फर्जी देयकों की लीगेसी तैयार की। राजकुमार साल्वी, निगम में लेखापाल- फर्जी देयर के चेक तैयार कर भुगतान कराया। अभय सिंह राठौर, कार्यपालन इंजीनियर निगम- ड्रेनेज विभाग में पदस्थ रहते ठेकेदारों के साथ मिलकर फर्जी कार्यादेश, फाइल तैयार कर लाभ लिया। मुरलीधरन, निगम क्लर्क- बिल की फर्जी फाइलों को नंबर डालकर रजिस्टर किया। अनिल गर्ग, आडिट निगम उप संचालक- अवैध लाभ के लिए फर्जी देयकों का आडिट किया। एक दिन में 5 किमी ड्रेनेज लाइन, 500 चेंबर निर्माण जैसी फाइल मंजूर की। रामेशवर परमार- निगम सहायक संपरीक्षक- फर्जी आडिट किया, बिलों की जांच नहीं की। राजेंद्र शर्मा, आरएस इंफ्रास्ट्रक्चर फर्म- फर्जी कार्यादेश व बिल तैयार कर अवैध लाभ लिया। मोहम्मद जाहिद, डायमंड एसोसिएट फर्म- फर्जी कार्यादेश, बिल तैयार कर अवैध लाभ लिया।

---

# जनसुनवाई में स्वयं कमिश्नर ने सुनी 54 लोगों की फरियाद



### शिकायतों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● आमजन की शिकायतों का निराकरण करनें एवं समस्याओं का त्वरित समाधान करनें के लिए प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती हैं। जिसके तारतम्य में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह द्वारा कमिश्नर कार्यालय के सभागार में जनसुनवाई में आमजन की शिकायत एवं समस्याओं को सुना तथा त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 54 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए जिनमे प्रमुख रूप से पारिवारिक विवाद, आपसी विवाद, पैसों के लेनदेन, फाइनेंशियल फ्राड, सुनवाई न होने, प्लाट जमीन की धोखाधड़ी संबंधी विवाद, महिला अपराध संबंधी एवं अन्य पुलिस से संबंधित समस्याओं लेकर आमजन आए।

पुलिस कमिश्नर ने व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक आवेदक की व्यथा व समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर तत्काल कार्यवाही करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ की कमिश्नर ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि पुलिस उनकी सुरक्षा और हितों के संरक्षण के लिए सदैव तत्पर है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।